卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 333 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦14 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कार खाई में गिरी, तीन की मौत

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। लमगड़ा के सुवाखान में शुक्रवार देर रात एक कार खाई में गिरने से में तीन लोगों की मौत की सूचना है। सभी पिथौरागढ़ के बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात्रि लमगड़ा से पिथौरागढ़ रोड पर सांगड़ साहू व डुबरौली गांवों के मध्य एक कार वैगनार संख्या यूके 05टीए 4577लगभग 100 मीटर नीचे खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष लमगड़ा राहुल राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कार्य प्रारंम्भ किया। रेस्क्यू के दौरान एसडीआरएफ टीम भी मौके पर पहुंची। रात्रि और बारिश होने के कारण रेस्क्यू कार्य में काफी परेशानी हो रही थी, काफी मशक्कत के बाद 3 घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल भिजवाया गया। एक महिला और एक युवती की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी,जिनके शवों को टीम द्वारा रेस्क्यू कर खाई से निकाला गया। घायलों में एक युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। बताया जाता रहा है कि रोड अचानक धंसने के कारण दुर्घटना हुयी है। मृतकों में कार चालक 35 वर्षीय प्रेम कुमार पुत्र हरीश राम निवासी ग्राम डोबरा पिथौरागढ़, 33 वर्षीय सुनीता देवी पत्नी रवि लाल निवासी वार्ड न0 06 कुमौड़ पिथौरागढ़, 23 वर्षीय कु0 रजनी पुत्री रविन्द्र कुमार (शेष पृष्ठ सात पर)




## दो ट्रालों में भिड़ंत में चालक की मौत, दो गंभीर

किच्छा (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम आनन्दपुर में दो ट्रालों के मध्य आमने सामने हुई भिड़ंत में एक ट्राला चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरे ट्राले का चालक व हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार ट्राला संख्या एनएल 01 एई 5116 का चालक ग्राम आचार्यपुरा, प्रतापगढ़ निवासी करीब 35 वर्षीय राजकुमार पुत्र रामअनुज गुजरात से सरिया लेकर सिडकुल पंतनगर की ओर जा रहा था। ट्राला जब आनन्दपुर मोड़ के पास पहुंचा तों विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य ट्राले से उसके ट्राले की भिड़ंत हो गई। इा दुर्घटना में राजकुमार सहित दूसरे ट्राले का चालक ग्राम निजामपुरा जड़वात,जिला अजमेर,राजस्थान निवासी किशन पुत्र दूधाराम व हेल्पर यहीं का निवासी रमेश पुत्र हीरा गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना(शेष पृष्ठ सात पर)





## फर्जी ऐप से व्यापारियों को ठगने के मामले में चार गिरफ्तार

**फर्जी ऐप से पेमेंट करके चार दुकानदारों को लगाया था चूना**

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। चार दुकानों से सामान लेकर फर्जी ऐप से ऑन लाईन पेमेंट करके हजारों रूपयें की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस और एसओजी टीम ने चार लोगों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है। बता दें मै0 अरोरा कन्फैक्शनरी के स्वामी अनिल अरोरा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा था कि 6 सितम्बर को उनकी दुकान पर अज्ञात व्यक्ति सामान लेने आया और सामान का भुगतान फर्जी एप के द्वारा कर भुगतान का विवरण दिखाया। जिससे स्पष्ट हो रहा था कि उक्त व्यक्ति के द्वारा 6500 रूपये का भुगतान कर दिया गया है। काम में व्यस्त होने के कारण उसने बैंक डिटेल चेक नहीं की। बाद में पता चला कि भुगतान उनके खाते में जमा नहीं हुआ है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये तो उस व्यक्ति का चेहरा दिखा और इसी व्यक्ति द्वारा अलग अलग समय पर सामान का भुगतान फर्जी एप के द्वारा किया गया। उक्त अज्ञात व्यक्ति के द्वारा भुगतान की गई रकम खाते में नहीं आयी थी। छानबीन करने पर पता(शेष पृष्ठ 7 पर)

## दो राज्यों को जोड़ने वाला बिज्टी मझोला संपर्क मार्ग बहा

**आवागमन ठप, पूर्व में भी बही थी सड़क, विरोधाभास के कारण अटका था निर्माण कार्य**

सितारगंज (उद संवाददाता)। सितारगंज पीलीभीत के लिंक मार्ग बिज्टी मझोला की सड़क पानी के तेज बहाव में बह गई। जिससे दोनों राज्य की सीमा से सटे मार्ग में वाहनों का आवागमन ठप हो गया। क्षतिग्रस्त मार्ग का भौगोलिक क्षेत्र उत्तर प्रदेश की सीमा के अंतर्गत आता है। जबकि इस स्टेट हाईवे का निर्माण राज्य के लोक निर्माण विभाग खटीमा ने कराया है। पूर्व में आई बाढ़ के कारण भी सड़क पानी में बही थीं। लोनिवि ने खुद की संपत्ति होने कारण डीपीआर बना दी। लेकिन भौगोलिक क्षेत्र यूपी का होने के कारण निर्माण कार्य को लेकर अधिकारियों में विरोधाभास हो गया। जिसका खामियाजा शनिवार को संपर्क मार्ग के दोबारा बहने के कारण दोनों राज्यों के लोगों को मुसीबत झेलनी पड़ रही है। पहाड़ों में हो रही बरसात से क्षेत्र में बहने वाली नदियां उफान पर पहुंच गई हैं। शुक्रवार की शाम बेगम नदी के पुल के ऊपर पानी बहने लगा बाढ़ की चपेट में आने से अरविंद नगर गांव के साथ ही नगरीय क्षेत्र के निचले इलाकों में जल भराव के हालात उत्पन्न हो गए। नगरीय क्षेत्र में पालिका प्रशासन ने जेसीबी की मदद से जल निकासी सुनिश्चित कराई। वहीं शनिवार को सितारगंज से उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले को जोड़ने वाला बिज्टी मझोला संपर्क (शेष पृष्ठ 7 पर)



## बुजुर्ग बना साइबर ठगी का शिकार

हल्द्वानी। एक वरिष्ठ नागरिक के साथ 14.87 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित, प्रहलाद सिंह रावत, ने 27 अगस्त 2024 को साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को पंजाब नेशनल बैंक का क्रेडिट कार्ड अधिकारी बताया। कॉलर ने पीड़ित से कहा कि उन्होंने क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया है और एक लिंक भेजा, जिस पर क्लिक कर पीड़ित से बैंक की जानकारी भरने को कहा गया। पीड़ित ने लिंक पर क्लिक कर अपनी व्यक्तिगत और बैंक विवरण भर दिए। इसके बाद कॉलर ने पीड़ित से कहा कि कार्ड बन चुका है और 72 घंटे के भीतर प्राप्त होगा, साथ ही कार्ड की लिमिट 10 लाख रुपये तक होगी। पीड़ित ने बताया कि उन्हें एक मैसेज प्राप्त हुआ जिसमें उनके बैंक खाते में 5 लाख रुपये क्रेडिट होने की जानकारी दी गई थी। लेकिन इसके बाद उनके खाते से 10 लाख रुपये की दो डेबिट ट्रांजेक्शंस के मैसेज आए। पीड़ित को इस ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने तुरंत अपने बैंक खाते को फ्रीज करवाया। इसके बावजूद, ठगों ने पीड़ित के एफडी खाते से 4,86,000 रुपये निकाल लिए और पीड़ित की पत्नी के खाते से भी 1,000 रुपये आहरित कर लिए। कुल मिलाकर, पीड़ित को 14.87 लाख रुपये की धोखाधड़ी का सामना करना पड़ा। पीड़ित ने साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## अवैध संबंधों की पोल खुलने के डर से की थी किशोर की हत्या

**हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अवैध संबंधों की पोल खुलने के डर से किशोर की हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजन की तैयारी चल रही थी। बीती 12 सितंबर को पुलिस को स्टील फैक्ट्री के पास एक किशोर का शव पड़ होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो शव की पहचान रामाशंकर कश्यप ने अपने बेटे के रूप में की। बोरा कालोनी मुखानी निवासी रामाशंकर कश्यप ने थाना मुखानी में शिकायत दर्ज कराई कि सत्यवीर कश्यप निवासी दिमना पउचा मीरगंज बरेली उसी के पड़ोस में किराए पर रहता है। सत्यवीर की उससे पुरानी रंजिश भी चल रही है। उसने सत्यवीर पर अपने बेटे की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। रामाशंकर का आरोप था कि 12 सितंबर की सुबह सत्यवीर उसके पुत्र को अपने साथ मुर्गी मारने की बात कह कर घर से बुला कर ले गया था। मामले के खुलासे के लिए एसएसपी पीएन मीणा (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरी के मामले में पुलिस को मिले अहम सुराग

किच्छा(उद संवाददाता)। शहर के अति व्यस्ततम चौराहे पर बीते शनिवार की रात्रि में चोरों द्वारा दुकान का ताला काट कर तिजोरी सहित नगदी ले जाने के प्रकरण में पुलिस के हाथ महत्वपूर्ण सुराग लगे हैं। पुलिस आज शाम मामले का खुलासा कर सकती है। चोरों न अति व्यस्त चौराहे पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर खुली चुनौती दी थी। चोरी से जहां आम जनता पुलिस की सजगता पर प्रश्न चिन्ह लग रही थी वहीं पुलिस के लिए भी इस चोरी का खुलासा करना एक चुनौती बना हुआ था जिसमें चोरों द्वारा मुख्य चौराहे पर सीसी कैमरे की निगरानी होने व पुलिस की लगातार गस्त रहने के बावजूद भी चोरी को अंजाम दिया था। वह पुलिस के लिए एक चुनौती था। सूत्रों की मानें तो कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा सी सी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान कर ली गयी है तथा चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया है। आज शाम तक पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है।

बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल
हर कम्पनी का माल
कम्पनी से कम रेटों पर
1 से 15 सितम्बर 2024 तक
30 % से 50 % तक की भारी छूट
हॉकिन्स, युनाईटिड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी
के कूकर पर 45% तक विशेष छूट
बोरोसिल,मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स,
कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट
हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पायें,जल्दी आये और लाभ उठायें
आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान
1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर
तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।
गोल्डन एजेन्सीज
178,सिद्धू पैलेस वाली गली,आवास विकास,रूद्रपुर

## खेत से आम के 25 पेड़ों को काटा, नहीं लगी भनक

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने खेत में खड़ी 25 आम के भारी भरकम पेड़ों को काट डाला। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला आर्य नगर निवासी ओम प्रकाश पुत्र रामगोपाल ने बताया कि प्रतापपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम गढ़ी इंद्रजीत में उनके खेत में खड़े 25 आम के भारी भरकम पेड़ों को अज्ञात लोगों द्वारा काट कर गायब कर दिया गया। इस मामले में हालांकि पुलिस ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## रूद्रपुर में महिन्द्रा की ‘थार रॉक्स’ हुई लॉंच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा का बहुप्रतिक्षित वाहन षथार रॉक्सष की भव्य लांचिग कुमार आटोव्हील्स प्रा०लि० के किच्छा बाइपास रोड रूद्रपुर में स्थित शोरूम में की गई। जिसका शुभारंभ आईपीएस अधिकारी एवं जनपद उधमसिंह नगर के पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजुनाथ टीसी एवं कम्पनी के सीएमडी शिव कुमार अग्रवाल व कम्पनी के निदेशकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के जीएम विपिन पाण्डे द्वारा वाहन के फीचर व उसकी खुबियों को ग्राहकों व उपस्थित लोगों के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 5 दरवाजे वाली महेंद्रा षथार रॉक्सष में 35 से ज्यादा स्टैन्डर्ड सेफ्टी फीचर्स दिए गए है। जिसमें 6 एयरबैग, सभी सीट्स के लिए सीट बेल्ट(शेष पृष्ठ सात पर)





# मलबा आने से कुमाऊं और गढ़वाल में 324 सड़कें बंद







## कई जिलो में बारिश ने मचाया कहर, तीन जिलों में स्कूल बंद

देहरादून। प्रदेश के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी आज (शनिवार) हल्की बारिश हो सकती है। कुमाऊं और गढ़वाल में कई जिलों के लिए बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है और यात्रियों से सावधानी पूर्वक सफर करने की अपील की गई है। शुक्रवार को कई सड़कों पर मलवा आने से यातायात बाधित होने पर पुलिस टीमों और लोनिवि के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारू करने में जुटे रहे। जबकि कुमाऊं के कुछ जिलों में मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से बारिश का अलर्ट जारी किया गया। नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में गर्जन के साथ भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं उत्तरकाशी, चमोली और बागेश्वर ऊधमसिंहनगर जनपद में आज भी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे।जबकि उत्तरकाशी, टिहरी, चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ के कुछ इलाकों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि बंगाल की खाड़ी में बने डिप्रेशन (अवदाब) सिस्टम से उत्तराखंड के मौसम में अचानक से आए बदलाव के चलते दो दिन तक लगातार बारिश हुई। दो दिनों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश और मलबा आने से राज्य में 324 मार्ग बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, सबसे अधिक 57 मार्ग पौड़ी जिले में बंद हैं। नैनीताल में 56, चमोली में 50, पिथौरागढ़ में 42, चंपावत में 39, अल्मोड़ा, टिहरी और रुद्रप्रयाग में 17-17, देहरादून में 13, बागेश्वर में नौ, उत्तरकाशी में पांच, ऊधमसिंह नगर दो सड़कें बंद है। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन के मुताबिक, कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है, जिससे मार्ग खोलने में समस्या आ रही है। कई जगह मार्ग खोला गया, पर बाद में भूस्खलन से फिर बंद हो गया। लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष दीपक यादव कहते हैं कि अभी तक इतनी बड़ी संख्या में मार्ग बंद नहीं हुए थे। सुरक्षा के पहलू को ध्यान में रखते हुए मार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। शुक्रवार को 62 मार्ग खोले भी गए। वहीं, टिहरी बांध का जल स्तर 827.32 मीटर पर पहुंच (बांध का अधिकतम जल स्तर-830 मीटर है) गया। उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक बीते दो दिनों से रुक-रुककर लगातार हो रही बारिश के कारण जहां आवागमन प्रभावित हो रहा है, वहीं नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है। बदरीनाथ और हाईवे बंद होने के कारण कई तीर्थयात्री और स्थानीय लोग भी जगह-जगह पर फंस गए थे। प्रशासन की टीम ने कई यात्रियों को तो आसपास ही रुकवा दिया, जबकि कई यात्री मार्ग खुलने के बाद रवाना हुए। इधर, खराब मौसम के कारण केदारनाथ यात्रा लगातार दूसरे दिन बंद रही। वहीं, चमोली के ज्योतिर्मठ में सुराई थोटा पर मलबा आने के कारण मलारी हाईवे दो जगह पर बंद हो गया। इससे 47 यात्री व स्थानीय लोग रास्ते में ही फंस गए थे। एसडीआरएफ ने तीन यात्रियों को को रेस्क्यू कर दिया, लेकिन स्थानीय लोग आसपास के गांवों में चले गए। लाता गांव के समीप भी हाईवे बंद रहा। प्रशासन ने पर्यटकों व स्थानीय लोगों को मलारी में ही रुकवा दिया। इधर, ज्योतिर्मठ नगर क्षेत्र में मलबा आने से नृसिंह मंदिर मार्ग करीब दो घंटे बंद रहा। ऐसे में बदरीनाथ जाने वाले वाहनों को बाजार से भेजा गया। इधर कमेड़ा में मलबा आने के कारण बदरीनाथ हाईवे बाधित हो गया और यहां करीब 500 वाहन फंस गए। इस दौरान कुछ वाहनों को गौचर-सारी-छिनका मार्ग से रुद्रप्रयाग के लिए भेजा गया, लेकिन यहां भी सड़क बंद होने पर रात को 25 से अधिक तीर्थयात्री जंगल में फंस गए। सूचना पर डीएम संदीप तिवारी ने रात को ही जेसीबी मौके पर भिजवाई। रात 10:30 बजे सड़क खुली और तीर्थयात्री रवाना हुए। कमेड़ा में बंद हुआ बदरीनाथ हाईवे 19 घंटे बाद खुल पाया। दूसरी ओर दिवालीखाली में नैनीताल हाईवे दो घंटे बंद रहा जबकि थराली के सुनला में खुलता बंद होता रहा। इधर, पर्थाडीप भूस्खलन क्षेत्र में लगातार भूस्खलन के कारण शुक्रवार को बदरीनाथ हाईवे दिनभर बंद रहा। चमोली और नंदप्रयाग से वाहनों को नंदप्रयाग-सैकोट- कोठियालसैंण सड़क से भेजा गया। पौड़ी जिले में धौलीधार के निकट लगातार मलबा गिरने से ऋषिकेश- बदरीनाथ राजमार्ग पर पूरी तरह से बाधित हो गया। यहां देवप्रयाग में यातायात रोक दिया गया और वाहनों को गजा चाका व श्रीनगर से मलेथा- टिहरी होकर ऋषिकेश की ओर डायवर्ट किया। चमोली की पिंडर घाटी में भी बारिश के कारण पिंडर नदी उफान पर रही। इससे जहां, सरस्वती शिशु मंदिर, पिंडर पब्लिक स्कूल और बेतालेश्वर मंदिर में नदी का पानी भर गया। वहीं थराली में नदी किनारे बने पांच से अधिक घरों के भूतल में भी पानी भर गया। नदी किनारे और आपदा प्रभावित क्षेत्र के लोग रातभर जागते रहे। टिहरी जिले में भी बारिश के कारण लोनिवि की पांच और पीएमजीएसवाई की 10 सड़कें बंद रहीं। पौड़ी जिले के कोटद्वार क्षेत्र में बारिश के कारण लोनिवि और पीएमजीएसवाई की 33 सड़कों पर आवाजाही बाधित रही। बेरीनाग क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मनगढ़ में आपदा प्रभावितों को पुलिस ने सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। आपदा प्रभावित क्षेत्र में एसपी व डीएम ने स्थानीय निरीक्षण कर राहत कार्यों की समीक्षा की। डीएम विनोद गिरी गोस्वामी ने कहा कि प्रशासन सभी प्रभावितों को जल्द से जल्द आवश्यक मदद पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। एसपी श्रीमती रेखा यादव ने लोगों से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें और अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की मदद के लिए प्रशासनिक और पुलिस हेल्पलाइन नंबरों 112, 05964- 226651, 94111 12982 व आपदा कन्ट्रोल 05964- 226326, 8449305857 का उपयोग किया जा सकता है।

## गौरीकुंड से सोनप्रयाग पहुंचे 7,360 यात्री

रूद्रप्रयाग। केदारघाटी में शुक्रवार को रुक-रुककर हुई मध्यम से तेज बारिश के कारण केदारनाथ पैदल यात्रा लगातार दूसरे दिन भी पूरी तरह से ठप रही। घाटी में घने कोहरे के कारण हेलिकॉप्टर भी उड़ान नहीं भर सके। इस दौरान गौरीकुंड में रुके 7,360 यात्री पैदल मार्ग से सोनप्रयाग लौट आए हैं। प्रशासन व पुलिस द्वारा यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। खराब मौसम के कारण केदारघाटी में ठंड भी बढ़ने लगी है। अधिकांश यात्री अपने होटल, लॉज के कमरों से बाहर नहीं निकले। बाजार में स्थानीय लोगों की चहलकदमी कम रही। खराब मौसम व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन व पुलिस ने सोनप्रयाग से किसी भी यात्री व स्थानीय व्यक्ति को पैदल मार्ग से केदारनाथ जाने की अनुमति नहीं दी। सोनप्रयाग में बीते दो दिनों से 2500 से अधिक यात्री रुके हुए हैं। दूसरी तरफ बीते दो दिन से गौरीकुंड में रुके 7,360 यात्री सोनप्रयाग पहुंच गए हैं। रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे पर सोनप्रयाग से लगभग एक किमी आगे भूस्खलन जोन पर मशीनों की मदद से मलबा हटाकर पैदल आवाजाही शुरू कराई गई। इस दौरान कड़ी सुरक्षा के बीच यात्रियों को रास्ता पार कराया गया। यहां तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट राकेश सिंह ने बताया कि लगातार बारिश के कारण लगातार दूसरे दिन पैदल मार्ग से श्रद्धालुओं को केदारनाथ नहीं भेजा गया है।

# कल्याणी नदी ने सैकड़ों घरों में मचाई तबाही

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले तीन दिनों तक हुई मूसलाधार वर्षा से कल्याणी नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण नदी किनारे रहने वाले सैकड़ों परिवारों के घरों में पानी आ जाने से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। हांलांकि आज मध्य रात्रि से बरसात के थमने से उन्होंने राहत की सांस ली है लेकिल अभी भी आकाश में गहारे बादल छाये होने से उनकी मुश्किलें पूरी तरह से खत्म नहीं हुई हैं। गत बुधवार की शाम से लगातार हुई मूसलाधार बारिश आज मध्य रात्रि से भले ही थमी है। जिससे कल्याणी नदी का जलस्तर कुछ कम हुआ है। परंतु जिस प्रकार से आसमान में गहरे बादल छाये हुए हैं उससे अनुमान लगाया जा सकता है कि नदी किनारे रहने वाले लोगों को अभी काफी सतर्क रहने की आवश्यकता है। पिछले दो दिनों में कल्याणी नदी का कीचड़ भरा पानी सैकड़ों घरों के कई फुट भीतर आ जाने से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उनका कहना है कि घरों से कीचड़ भरा पानी पूरी तरह से निकालने तथा साफ सफाई में कई दिन लग जायेंगे। यह काम तभी शुरू हो पायेगा जब बरसात पूरी तरह से रूकेगी और धूप निकलेगी। घर के बच्चों व महिलाओं को पहले ही सुरक्षित स्थानों पर पहुचा दिया गया था। जो लोग कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद अपने घरों में फंस गये थे उन्हें पुलिस कर्मियों द्वारा घरों से सुरक्षित निकाला गया। प्रभावित परिवारों के लिए भोजन व रहने की व्यवस्था भी की गई है। नगर के जगतपुरा, कल्याणी व्यू, भूतबंगला, खेड़ा, तीनपानी डाम क्षेत्र, शिवनगर, आजादनगर आदि क्षेत्रों में हुए जल भराव से आम जनता को भी भारी परेशानियों से गुजरना पड़ा। अभी और बरसात होने के दृष्टि नजर पुलिस एंव प्रशासनिक अधिकारी जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर पूरी नजर रखे हुए हैं। कल्याणी नदी में हर वर्ष आने वाली बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा नदी के किनारे अतिक्रमण हटाने का जो अभियान प्रारम्भ किया गया है निश्चित रूप से बरसात बाद उसमें तेजी आयेगी। ऐसी पूरी सम्भावना व्यक्त की जा रही है।



# बारावफात को लेकर शांति कमेटी की बैठक आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बारावफात पर शांति व्यवस्था को लेकर कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने विभिन्न समस्याएं भी रखी। बैठक में एएसपी निहारिका तोमर ने साफ कहा कि निर्धारित मार्गों से ही निकालें। जुलूस में कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जायेगी। जुलूस खेड़ा कालोनी स्थित ईदगाह से शुरू होगा और विभिन्न मार्गों से होते हुए गंतव्य तक पहुंचेगा। बैठक में कोतवाल एमएस दसौनी, एसएसआई अशोक कुमार, चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी,पूर्व पार्षद नूर अहमद, परवेज कुरैशी, मोहम्मद उमर,फरीद अहमद, डा. शाहिद रजा, दिलशाद अहमद, अब्दुल्ला, नूर अहमद, शाकिर खां, बबुआ अंसारी, परवेज कुरैशी, गुफरान, इकराम, उमर, नौशाद अली, फरीद अहमद आदि मौजूद रहे।



# हल्द्वानी में आधुनिक मशीनों से होगा कैंसर मरीजों का ईलाज

देहरादून (उद संवाददाता)। केंद्र सरकार ने हल्द्वानी में स्वामी राम कैंसर अस्पताल के विस्तारी करण को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने यहां 44 पेड़ों के कटान को अनुमति दे दी है। इसके बाद अस्पताल के विस्तारीकरण की राह आसान हो गयी है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा है कि इस अस्पताल के निर्माण के बाद कैंसर के रोगियों को एक ही स्थान पर कैंसर की सम्पूर्ण जांचे एवं उत्कृष्ट उपचार उपलब्ध होगा। मरीजों को कैंसर उपचार के लिए अन्य शहरों की तरफ नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि राज्य कैंसर संस्थान हल्द्वानी की स्थापना के लिए 103.6565 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत की गयी। जिसके सापेक्ष वर्ष-2021 में 69.00 करोड रुपयेघ्राज्य सरकार को अवमुक्त किये गये। राज्य सरकार द्वारा कुल 152 पदों को स्वीकृत किया जा चुका है। इसके अलावा अतिआवश्यक 255 अन्य पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव शासन के पास अनुमोदन भेजा जा चुका है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के अथक प्रयासों के तहत राज्य कैसर संस्थान हल्द्वानी के प्रथम चरण का निर्माण प्रारम्भ करने के लिए भूमि और अन्य औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हैं। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि अस्पताल का निर्माण कार्य दो चरणों में होगा। पहले चरण में वार्ड ब्लॉक और सर्विस ब्लॉक का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। अस्पताल के उच्चस्तरीय अत्याधुनिक मशीनें खरीदने की प्रक्रिया भी चल रही है। डॉ आर राजेश ने बताया कि दूसरे चरण में डायग्नोस्टिक ब्लॉक, न्यूक्लियर मेडिसिन ब्लॉक प्रिवेन्टिव ऑनकोलॉजी, व अन्य स्पेशियलिटी एवं सुपर स्पेशियलिटी विभाग स्थापित किये जायेंगे। इससे रक्त आदि की जांच एक ही जगह पर हो सकेंगी। यहां न्यू क्लियर मेडिसिन समेत 31 विभाग होंगे। कैंसर मरीजों की थैरेपी के लिए सीटी सिमूलेटर आदि मशीनें आएंगी। रेडियोलॉजी विभाग में सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड आदि जांचें भी की जाएंगी। डायग्नोस्टिक ब्लॉक में ब्लड बैंक, पैथोलॉजी लैब, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमस्ट्री लैब भी होगी। प्रथम व द्वितीय चरण में कुल 196 बैड का निर्माण किया जायेगा। साथ ही रोगियों व उनके तिमारदारों के लम्बे उपचार के लिए ठहरने के लिए 141 शैय्यायुक्त रैन बसेरा भी बनाया जायेगा।गौरतलब है कि हल्द्वानी के 1.75 हेक्टेयर वन भूमि में निर्मित परिसर का नियमितिकरण राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी को करने के लिए केंद्र सरकार ने मंजूरी 22. सितम्बर 2022 को प्रदान की गयी। प्रथम चरण के निर्माण कार्यों के अन्तर्गत नये वार्ड एवं नये सर्विस ब्लॉक के निर्माण के लिए ले आऊट में विद्यमान 44 वृक्षों के पातन की अनुमति के लिए केंद्र सरकार से अपील की गयी थी। केंद्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति दे दी है।

# डॉग बर्थ कंट्रोल तथा फैब्रिकेटेड डॉग वैन के लिए 37.86 लाख स्वीकृत

काशीपुर (उद संवाददाता)।शहरी विकास मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने नगर निगम काशीपुर में निराश्रित श्वान पशुओं की जनसंख्या नियंत्रण के संचालन के लिए एनिमल बर्थ कंट्रोल को शल्य चिकित्सा उपकरण तथा फैब्रिकेटेड डॉग वैन के खरीदने के लिए 37 लाख 866 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति दी है। शहरी विकास मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि काशीपुर नगर निगम क्षेत्रांतर्गत निराश्रित डॉग की आमद ज्यादा होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके चलते लोगों को आवागमन में भी परेशानियां पैदा होने की समस्या अक्सर उनके संज्ञान में आती रही हैं। उन्होंने बताया कि काफी समय से निराश्रित डॉग के बर्थ कंट्रोल तथा फैब्रिकेटेड डॉग वैन की निगम क्षेत्र में आवश्यकता की मांग उठ रही थी। मंत्री डा. अग्रवाल ने बताया कि मांग की आवश्यकता को समझते हुए एनिमल बर्थ कंट्रोल को शल्य चिकित्सा उपकरण के लिए 25 लाख 9760 हजार रूपये जबकि फैब्रिकेटेड डॉग वैन के लिए 11 लाख 89 हजार रूपये की वित्तीय स्वीकृति दी है। मंत्री डा. अग्रवाल ने कहा कि दोनों ही मांग के पूर्ण होने पर नगर निगम काशीपुर में निराश्रित डॉग की संख्या में नियंत्रण होगा। साथ ही ऐसे निराश्रित डॉग को वैन के जरिए आसानी से पकड़ा जा सकेगा। इससे दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा।

# ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का का उत्पादन करें किसान

## अधिकारियों, वैज्ञानिकों और किसानों की बैठक में मक्का की खेती को लेकर हुआ मंथन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों, वैज्ञानिकों, किसान संगठनों के पदाधिकारियों एवं मक्का कम्पनियों के प्रतिनिधियों तथा मक्का उत्पादक कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद की राईस मिलों का लगभग 250 करोड़ का भुगतान लम्बित था उसमें 200 करोड़ का भुगतान राईस मिलर्स को किया जा चुका है तथा अवशेष 50 करोड़ का भुगतान भी सरकार द्वारा कर दिया जायेगा, जिससे कृषकों को अपना धान राईस मिलर्स को विक्रय करने में परेशानी नहीं होगी। उन्होंने उपस्थित मक्का उत्पादक कृषकों एवं किसान संगठनों के पदाधिकारियों एवं वैज्ञानिकों को ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का फसल को बढ़ावा दिये जाने हेतु अपने सुझाव देने को कहा। मक्का उत्पादक कृषक सुरेश राणा सितारगंज द्वारा अवगत कराया गया कि मेरे तथा मेरे आस-पास के ग्रामों में मक्का फसल का उत्पादन विभागीय अधिकारियों के सहयोग से वर्ष 2017 से निरन्तर किया जा रहा है तथा उन्हें मक्का फसल का अच्छा मूल्य भी मिला है, लेकिन वर्ष 2020 में कोरोनाकाल के दौरान मक्का का उचित मूल्य न मिल पाने के कारण उसके बाद से मक्का का क्षेत्रफल कम होता चला गया। वर्ष 2022-23 से पुनः मक्के के क्षेत्रफल में आंशिक वृद्धि हुई है। उन्होने कहा कि मक्का फसल की तुडाई/कटाई माह जून में होने से मजदूरों की कमी हो जाती है, उनका सुझाव था कि यदि विभाग द्वारा मक्का की कटाई हेतु कम्बाईन अनुदान पर मिल जाये तो इससे कृषकों को समय व धनराशि की बचत



होगी। इस पर मुख्य कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मक्का फसल की कटाई हेतु कटर को प्रोत्साहित किया जायेगा।प्राध्यापक, पन्तनगर डॉआरपी सिंह ने कहा कि पूर्व में जनपद में मक्का बीज की अच्छी प्रजातियों उपलब्ध नही थी, लेकिन वर्तमान में भारत सरकार द्वारा तराई क्षेत्र के लिए बसन्तकालीन मक्का की 04 प्रजातियों आईएमएच-222,223,225 एवं 226 तैयार की गयी है, लेकिन ये प्रजातियों अभी बाजार में उपलब्ध नहीं है। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि मक्के की संकर प्रजातियां बाजार में उपलब्ध हैं, जो अच्छी पैदावार देती हैं। डॉ सिंह ने बताया कि साईलेज के लिए पन्तनगर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रजाति डीएफएस-2 अच्छी प्रजाति है। कृषक इसे अपने प्रक्षेत्रों पर उगा सकते हैं। उन्होने कहा कि जनपद स्तर पर मक्का उत्पादक समूह बनाया गया है, जिसमें समय-समय पर मक्का उत्पादन से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायी जाती है, कृषक इस समूह में अपना पंजीयन करा सकते हैं। प्रगतिशील कृषक बलविन्दर सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि कृषक मक्का फसल का उत्पादन करेंगे, लेकिन मक्का फसल से पूर्व मक्का मूल्य का निर्धारण किया जाए, मक्का क्रय हेतु तहसील/ विकासखण्ड स्तर पर क्रय केन्द्र खोले जाएँ तथा मक्का की नमी को दूर किये जाने हेतु ड्रायर की व्यवस्था कराई जाए। जिला सहायक निबन्धक सहकारी समितियों एवं सहायक निदेशक, डेयरी द्वारा अवगत कराया गया कि साईलेज हेतु 10 से 15 हजार टन मक्का फसल की आवश्यकता होगी। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि प्रारम्भ में साईलेज हेतु विकासखण्ड, रूद्रपुर एवं आस-पास के क्षेत्र को लिया गया है, जिसमें कृषकों से रू0 300.00 प्रति कु की दर से मक्का फसल को क्रय किया जायेगा तथा मक्का फसल कृषक के प्रक्षेत्र से ही उठाया जायेगा, जिस पर होने वाले ढुलान का व्यय विभाग द्वारा स्वयं किया जायेगा। साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि मक्का उत्पादक कृषक अपनी फसल को दाने की अवस्था में आते ही साईलेज हेतु विक्रय करें क्योंकि उस समय मक्का की फसल का भार ज्यादा होता है, इससे कृषकों को अच्छी आय की प्राप्ति होगी तथा कृषक का प्रक्षेत्र भी अगली फसल हेतु खाली हो जायेगा तथा मक्का तुडाई हेतु श्रमिकों की समस्या भी नही रहेगी। प्राध्यापक, कृषि विज्ञान केन्द्र, ज्योलीकोट डॉ सी तिवारी, द्वारा अवगत कराया कि जनपद में कृषकों द्वारा लगातार धान-मटर, लाही, आलू-धान फसल चक्र अपनाने पर मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है तथा प्रक्षेत्र में आर्गेनिक कॉर्बन भी काफी कम होता जा रहा है। उनका सुझाव था उक्त सीरियल कॉप के स्थान पर यदि मक्का, गन्ना, लोबिया, मूंग, उरद फसलों को लिया जाए तो मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी साथ ही भूमि का जल स्तर जो नीचे जा रहा है, उसमें सुधार किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तराखण्ड में 6 इथनॉल की कम्पनियों अपना प्लान्ट शुरू करने जा रही हैं तथा वर्तमान में 2 इथनॉल कम्पनियां जो काशीपुर एवं किच्छा में स्थापित हैं के स्वामियों, मक्का क्रय कम्पनियों के स्वामियों एवं मक्का उत्पादक कृषकों के मध्य बैठक आयोजित करायी जायेगी, जिसमें पूर्व में ही मक्का मूल्य निर्धारण के विषय पर चर्चा की जायेगी। मक्का मूल्य निर्धारण के उपरान्त कृषक अपने उत्पाद को जहाँ उसे अच्छा मूल्य मिले वहाँ विक्रय कर सकता है। काशीपुर के गन्ना उत्पादक किसानों द्वारा मॉग की गयी कि काशीपुर चीनी मिल क्रियाशील न होने से गन्ना विक्रय किये जाने में परेशानी का सामना करना पड रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाजपुर चीनी मिल की रिकवरी में भी सुधार आया है। अतः काशीपुर के गन्ना उत्पादक कृषक अपने गन्ने को बाजपुर चीनी मिल में दे सकते हैं। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 अभय सक्सेना, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, सहायक निबंधक सहकारी समितियां सुमन कुमार, वैज्ञानिक डॉ अजय प्रभाकर, सहायक निदेशक डेरी राजेश चौहान, सहायक निदेशक गन्ना आशीष नेगी, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी विधि उपाध्याय, नारायण सिंह सहित प्रगतिशील किसान व विभिन्न कृषि संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## रामलीला कलाकारों की रिहर्सल जारी

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री रामलीला नाट्य कला परिषद अनाज मंडी द्वारा किए जा रहे अभ्यास का 10वां दिन पूर्ण हो गया है। कलाकारों द्वारा श्री राम जन्म, सीता जन्म, राक्षसों की खरमस्तियां, श्री राम वनवास, नैया पार जैसे बहुत दृश्यों का बड़ी ही निष्ठा भावना से किए जा रहे अभ्यास को देखकर श्री रामलीला अनाज मंडी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज , महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा, निर्देशक अशोक पोपली , अशोक सुधा,राजू भुड्डी, जगदीश भुड्डी, सिद्धार्थ भुसरी, प्रवीण गिलहोत्रा द्वारा कलाकारों का उत्साह वर्धन किया गया। इस मौके पर श्री रामलीला नाट्य कला परिषद के कलाकार रोहित पोपली, साहिल सुधा, गुलशन शर्मा, सागर कालरा, कशिश खुराना, अमन गाबा, मुनि भुसरी, दीपक छाबड़ा, अरविंद पाल, युवराज कुमार, अविष अरोरा, अभिषेक सक्सेना, यश अरोरा एवम समस्त कलाकार उपस्थित रहे।



## चार राजकीय इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों से मांगा स्पष्टीकरण

रुद्रपुर। जिले के चार राजकीय इंटर कॉलेजों ने पीएम श्री योजना के तहत मिली 8,93,100 की राशि में से एक भी रुपया खर्च नहीं किया है। सीईओ केएस रावत ने लापरवाही मानते हुए सभी प्रधानाचार्यों से शनिवार तक स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर सितंबर का वेतन रोकने की कार्रवाई भी हो सकती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीएम श्री के तहत जिले में चार राजकीय इंटर कॉलेजों का चयन किया गया था। इसमें शासन की तरफ से विद्यालय अनुदान व ड्रेस मद में विभाग को धनराशि उपलब्ध कराई गई थी।छह सितंबर को राजकीय इंटर कॉलेज को 1,92,400, राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर को 2,65,500, राजकीय इंटर कॉलेज बागवाला को 2,38,600 और राजकीय इंटर कॉलेज बांसखेड़ा को 1,96,600 की राशि भेजी गई। सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए थे कि अतिशीघ्र इस धनराशि का प्रयोग कर प्रमाणपत्र विभाग को उपलब्ध कराएं। विभागीय निर्देश के बावजूद चारों इंटर कॉलेजों के खाते में धनराशि पड़ी रही। बृहस्पतिवार को जब सीईओ ने इसकी समीक्षा की तो चारों कॉलेज के खाते में रकम डंप मिली। सीईओ ने इसे घोर लापरवाही माना और चारों कॉलेजों के प्रधानाचार्यों से स्पष्टीकरण मांगा है।

## गर्भवती महिलाओं को दी पुष्टाहार की जानकारी

किच्छा(उद संवाददाता)। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों किच्छा प्रथम ने वार्ड नंबर आठ में गोद भराई एवं अन्नप्रासन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के सभी नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन कराया गया तथा नव गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई। इस दौरान महालक्ष्मी किट का वितरण भी किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सुपरवाइजर लखविंदर कौर की देखरेख में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं को पुष्टाहार की जानकारी दी गई तथा वर्षा काल में होने वाली बीमारियों से भी अवगत कराया गया। इस दौरान किच्छा प्रथम के अंतर्गत आने वाले सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थी। सुपरवाइजर लखविंदर कौर ने सभी को जानकारी देते हुए कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं को नियमानुसार भोजन की देखरेख करते हुए समय-समय पर पोस्ट देते रहना चाहिए इसके अलावा नॉमिनल वालों को भी पौष्टिक आहार देते रहना चाहिए । शिशु को स्तनपान कराने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया। गर्भावस्था के दौरान टीकाकरण एवं पोषण आहार के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए महिलाओं एवं धाती महिलाओं जागरूक किया। केन्द्र सरकार के सातवें पोषण माह के अंतर्गत पोषण माह के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बाल विकास विभाग की मुख्य सेविका ने नगर की तमाम आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों ने नगर के विभिन्न वार्डों में जा कर पोषण तत्वों के बारे में महिलाओं एवं धात्री महिलाओं को जागरुक करते हुए पोषण तत्वों के सोत्रों की जानकारी दी। इसके अलावा कुपोषण को दूर करने हेतु संतुलित आहार का महत्व भी बताया तथा पर्यावरण के संरक्षण की भी जानकारी दी। महिलाओं को जागरुक करते हुए स्तनपान से शिशु को संपूर्ण आहार के महत्व एवं सुनहरे हजार दिनों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ती में धन्ना देवी, अनिता समकरिया,पूजा पांडे, मुन्नी ठाकर,चंद्रकला ,नीम ,हेमा, सरिता, कुसुम , पवनीश ,प्रियंका ,बिना, सीमा, सुदेश ,उन्नति, दीपा रानी, महालक्ष्मी किट शीतल सहित आधा दर्जन महिलाओं को वितरत किए इसके अलावा आठ बच्चों का अन्न प्रासन किया गया।



## कौशल्या देवी के निधन पर शोक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। समाजसेवी रोशन लाल की माता जी व हंस राज देसी घी वालों की धर्म पत्नी कौशल्या देवी का आकस्मिक निधन हो गया । उनके निधन का समाचार सुनते ही शोक की लहर दौड़ गयी । इस दुःख के अवसर पर सुभाष छावड़ा एडवोकेट ने गहरा दुःख व्यक्त किया व कस्तूरी लाल तागरा ने इसे अपूर्ण क्षति बताया । नरेश कुमार सेठ ने बताया कि माता जी बहुत साहसी महिला थी। एक बार इन्होंने चोरों से मुकाबला करके उन्हें भगा दिया। इस अवसर पर नरेश कुमार सेठ करपरामर्श दाता के कार्यालय पर एक शोक सभा आयोजित की गयी और दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर जगदीश छावड़ा, मान सिंह ग्रोवर,नरेश कुमार सेठ,सुभाष छावड़ा एडवोकेट, कस्तूरी लाल तागरा,मनोहर लाल मिगलानी,मोहन अरोरा, विरेन्द्र सुखीजा, रोशन तागरा, राजीव साहनी,नरेन्द्र कुमार नन्नी, वबॉबी टुटेजा आदि उपस्थित थे ।


**आवश्यकता है**

रूद्रपुर में मां वैष्णो इंटरप्राईजेज डिस्ट्रीब्यूटर प्वाइंटर में कप्यूटर ऑपरेटर एवं मार्केटिंग के लिए सेल्स एक्जीक्यूटिव की।
वेतन योग्यतानुसार।
अनुभवी को वरीयता।
**-सम्पर्क करें-**
9837570100,8077318006


## पोषण मेले में दस गोदभराई और बच्चों का हुआ अन्न प्रासन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत श्री श्री हरि मंदिर परिसर में बाल विकास परियोजना की ओर से पोषण मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता प्राण बढ़ई द्वारा फीता काटकर किया गया ।तत्पश्चात मेले में पारंपरिक व्यंजन मिट्टी के खिलौने,गुड्डा गुड़िया,पोषण मटका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिनमें महिलाएँ पारंपरिक बंगाली साड़ी पहनकर पहुँची थी, इसमें मुख्य आकर्षण पोषण परी का रहा। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का आयोजन किया गया जिसमें 10 गर्भवती महिलाएँ सम्मिलित हुई और बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम भी हुआ कार्यक्रम में पोषण से संबंधित जैसे पौष्टिक आहार, कुपोषण से मुक्ति,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एनीमिया विषय पर सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के बारे में मुख्यसेविका लक्ष्मी आर्य ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से ही गांवों में पोषण के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ती है, अंत में कार्यक्रम में उपस्थित बुजुर्गों को डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्नेहलता मल्लिक, शर्मिला चिंतापात्र, अनीता, लक्ष्मी, जोगमाया,दीप्ति,हेमलता ,सुहासिनी, पार्वती खघन,शर्मिला सरकार, माया, कुसुम, राधा, शिल्पी और आंगनबाड़ी सहायिकाओ सहित दर्जनों महिलाएँ मौजूद थी ।



## बंगाली एकता महा सम्मेलन 20 सितम्बर को

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर 20 सितम्बर को रुद्रपुर में आहूत बंगाली समाज की बंगाली एकता महासम्मेलन की तैयारी को लेकर टैगोर नगर दुर्गा मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक मे शक्ति फार्म, रुद्रपुर, दिनेशपुर आदि स्थानों से विभिन्न बंगाली संगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज के लिए एकजुट होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा देने ,बंगाली छात्रों की 3 वर्ष से रुके छात्रवृत्ति शुरू करने तथा बंगाली बाहुल्य क्षेत्र के विद्यालय में बांग्ला भाषा शुरू करने की मांग को लेकर 20 सितंबर को रुद्रपुर में आहूत बंगाली समाज की बंगाली एकता महासम्मेलन को लेकर टैगोर नगर दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने बंगाली समाज के लोगों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर 20 सितंबर के सम्मेलन को सफल बनाने के लिए एक मंच पर आकर लाने पर जोर दिया।बैठक में तय किया गया कि 15 सितंबर को रुद्रपुर नगर पालिका सभागार में बैठक आयोजित कर महासम्मेलन की तैयारी की अंतिम रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में बंगाली भागीदारी करने की अपील की । महासम्मेलन के लिए जनपद भर में रहने वाले बंगाली समाज के लोगों से व्यापक संपर्क अभियान चलाने की बात कही। संगठनों के पुनर्गठन कर युवाओं को आगे



महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार शाहा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, बंगाली कल्याण समिति क्षेत्रीय अध्यक्ष रामचंद्र राय,देबू मंडल, हिमांशु सरकार, गणेश आदि मौजूद थे।

# विवाहितों को पंजीकरण करवाना होगा अनिवार्य, योजनाओं का मिलेगा लाभ

## उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता की नियमावली बनाने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी तथा उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता की समिति के सदस्य शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में बीजापुर अतिथि गृह में उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता की नियमावली बनाने के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में गृह, पुलिस, स्वास्थ्य, आबकारी, अल्पसंख्यक, संस्कृति, खाद्य व नागरिक आपूर्ति, ऊर्जा, नियोजन, वित्त विभाग के सहयोग व समन्वय से उत्तराखण्ड यूसीसी की नियमावली बनाने से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी व उत्तराखण्ड यूसीसी के सदस्य शत्रुघ्न सिंह ने यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए बनने वाली नियमावली को अन्तिम रूप देने में सभी विभागों को सहयोग व समन्वय के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में यूसीसी सदस्य मनु गौड़, श्रीमती सुरेखा डंगवाल, डीजीपी अभिनव कुमार, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुधांशु सहित गृह, पुलिस, स्वास्थ्य, आबकारी, अल्प संख्यक, संस्कृति, खाद्य व नागरिक आपूर्ति, ऊर्जा, नियोजन, वित्त विभाग के अधिकामौजूद रहे। राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने के साथ शादी का पंजीकरण करवाना अनिवार्य हो जाएगा, ऐसा नहीं करने वालों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। बैठक में संहिता की नियमावली के अंतिम चरण की समीक्षा और कार्यान्वयन पर गहन विचार विमर्श किया गया। कहा गया कि संहिता में शादी अथवा विवाह के पंजीकरण अनिवार्य तौर पर कराने के प्रावधान के तहत क्रियान्वयन के लिए सरकार को उपाय करने होंगे। बैठक में तय हुआ कि राज्य सरकार चाहे तो सरकारी सेवाएं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने वालों के लिए शादी का पंजीकरण अनिवार्य कर सकती है। तय समय के बाद सरकार योजनाओं का लाभ देने से इन्कार सकती है, उसे जारी रखने के लिए पहले पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। बैठक में सचिव रतूड़ी और यूसीसी समिति सदस्य शत्रुघ्न सिंह ने यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए बनने वाली नियमावली को अंतिम रूप देने में सभी विभागों को सहयोग व समन्वय के निर्देश दिए। यूसीसी में प्रावधान है कि जिस तारीख से यूसीसी लागू होगा, उसके छह माह तक उन जोड़ों को पंजीकरण करवाने का समय दिया जाएगा,जो यूसीसी लागू होने की तारीख से पहले से शादीशुदा हैं। उनको सिर्फ तीन महीने का समय मिलेगा, जो यूसीसी लागू होने की तिथि या उसके बाद शादी करेंगे। दोनों श्रेणी में अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी सरकारी कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। जब भी पंजीकरण करवा लेंगे, उन्हें पहले की तरह लाभ ले सकते हैं।



# डीएम वंदना सिंह ने किया काठगोदाम और हल्द्वानी गौला पुल का निरीक्षण

नैनीताल(उद संवाददाता)।जनपद में दो दिन से लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत सभी उपजिलाधिकारियों के नेतृत्व में जनपद के सभी विभागों की टीमें लगातार युद्ध स्तर पर राहत और बचाव के कार्य में लगी हुई हैं।गौला नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण हल्द्वानी और काठगोदाम गौला पुल को सावधानी के तौर पर यातायात हेतु अस्थाई रूप से बंद किया गया है । शुक्रवार को देर सांय डीएम वंदना सिंह ने काठगोदाम और हल्द्वानी गौला पुल का निरीक्षण किया। एनएचएआई और रेलवे द्वारा गौला नदी के किनारे कराए गए सुरक्षा कार्यों को हो रही क्षति को देखते हुए डीएम ने गौला में पानी का जल स्तर कम होते ही आवश्यक स्थानों पर चैनलाइजेशन के कार्य करने के निर्देश पीडी एनएचएआई को दिए। उन्होंने कहा कि गौलापुल चोरगलिया सितारगंज टनकपुर नानकमत्ता का लिंक है।इसे सुरक्षित बनाए रखना विभाग की जिम्मेदारी है। 11 सितंबर से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से गौला नदी का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बढ़ गया है। पानी के बढ़ने से पुल को भी खतरा है। सुरक्षा को देखते हुए डीएम ने पीडी एन एच ए आई को निर्देश दिए है की जैसे ही पानी कम होना शुरू हो, तत्काल मशीन लगाकर चौनलाजेशन का कार्य शुरू किया जाए। इसके लिए एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा को वन विभाग से समन्वय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने और आपदा राहत कार्य में रिस्पॉन्स टाइम को कम से कम रखने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, तहसीलदार सचिन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# विकसित राष्ट्र के निर्माण में उत्तराखण्ड के युवा भी बढ़ रहे आगे : धामी

हरिद्वार(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गत दिवस पतंजलि ऑडिटोरियम में आयोजित युवा धर्म संसद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेवा संस्थानम द्वारा आयोजित चतुर्थ युवा धर्म संसद में पहुंचे सभी महानुभावों तथा युवा शक्ति का देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर स्वागत किया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 सितम्बर 1893 में स्वामी विवेकानन्द जी द्वारा अमेरिका के शिकागो शहर में दिए गए उद्बोधन को आधार मानकर आयोजित यह कार्यक्रम देश की युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए अवश्य ही प्रेरित करेगा क्योंकि यह संसद निष्ठावान और जागरूक नागरिकों के निर्माण का कार्य करती है।उन्होंने कहा कि आज भारत एक युवा देश के रूप में जाना जाता है और अगर देश के युवा सही दिशा में कार्य करेंगे तो निश्चित ही हमारा देश पुन: विश्व गुरू के पद पर आसीन होगा। देश को विश्व गुरू बनाने तथा वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को अपने कंधों पर जिम्मेदारी लेनी होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा विकल्प रहित संकल्प होना चाहिए क्योंकि संकल्प में विकल्प ले आते हैं तो संकल्प वहीं पर समाप्त हो जाता है, हमारे रास्ते बदल जाते हैं, मंजिल हमसे दूर हो जाती है और सपने हम से रूठ जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारतीय संस्कृति को संपूर्ण विश्व में पहचान मिल रही है और भारतीय सनातन संस्कृति की अनमोल धरोहर योग और प्राणायाम को पूरा विश्व अपना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड अध्यात्म की धरती रही है। प्रदेश सरकार उत्तराखंड के अंदर धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने दून विश्व विद्यालय में सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज की पढ़ाई शुरू करने का भी निर्णय लिया है। आज विकसित राष्ट्र के निर्माण में उत्तराखण्ड के युवा भी आगे बढ़ रहे हैं।कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के महासचिव चम्पत राय, सिद्धपीठ हनुमन्निवास अयोध्या आचार्य मिथिलेश नंनिदनी शरण जी महाराज एवं बाबा रामदेव ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व विधायक सुरेश राठौर, शोभाराम प्रजापति, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल उपस्थित रहे।





# वित्तीय अनुशासन सुदृढ़ शासन की नींव : प्रेमचंद्र अग्रवाल

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड वित्त सेवा संघ का 10वां वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को देहरादून में आयोजित किया गया। इस अवसर वित्त मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद बर्द्धन, सचिव वित्त दिलीप जावलकर, निदेशक कोषागार दिनेश चंद्र लोहनी तथा उत्तराखण्ड वित्त सेवा संघ के अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह तोमर ने दीप प्रज्ज्वलित कर अधिवेशन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने वित्त सेवा से जुड़े अधिकारियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वित्त सेवा प्रतिष्ठा प्राप्त सेवा है। वित्त विभाग सरकार का महत्वपूर्ण अंग है, जो कि वित्तीय अनुशासन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनेक कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में वित्त विभाग बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान वित्त मंत्री ने वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ शासन की नींव बताते हुए संघ की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अपने संबोधन में अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य के विकास में उत्तराखण्ड वित्त सेवा के योगदान का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बदलते सामाजिक परिदृश्यों के अनुसार अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली तथा नियमों की व्याख्या करनी होगी, ताकि सरकार आम जनमानस की अपेक्षाओं को पूरा कर सके। इस अवसर पर उत्तराखण्ड वित्त सेवा की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष के पद पर जयपाल सिंह तोमर, महासचिव के पद पर खजान चंद्र पांडेय तथा उपाध्यक्ष गढ़वाल के पद पर भूपेन्द्र प्रसाद कांडपाल को यथावत रखते हुए उपाध्यक्ष कुमाऊँ के पद पर सूर्य प्रताप सिंह का चुनाव किया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष के पद पर संजीव कुमार तथा सचिव प्रशासन के पद पर श्रीमती शशि सिंह का चुनाव किया गया। कार्यक्रम में संघ के महासचिव खजान चंद्र पांडेय ने समस्त वित्त परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापन भी दिया। इस दौरान अपर सचिव मुख्यमंत्री मनमोहन मैनाली,अपर सचिव वित्त अरुणेन्द्र चौहान, गंगा प्रसाद, श्रीमती अमिता जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।






# प्रति नौ मिनट में सर्वाइकल कैंसर से होती है एक महिला की मौत : डॉ० पूजा

## एलडा फाउंडेशन द्वारा पुलिस लाइन में की गई कार्यशाला,नियमित रूप से जांच ,वैक्सीन व सुरक्षित यौन संबंध ही बचाव का उपाय

रुद्रपुर।भारत में महिलाओं में होने वाली सबसे आम बीमारी सर्वाइकल कैंसर है, सर्वाइकल कैंसर का इलाज व बचाव दोनों हो सकते हैं लेकिन जागरूकता के अभाव में महिलाएं डॉक्टरों को सही जानकारी नही दे पाती फिर इलाज में देर हो जाती है यही वजह है कि देश मे प्रति 9 मिनट में एक महिला की मृत्यु हो जाती है। पुलिस लाइन में महिला पुलिस कर्मियों में जागरूकता लाने के लिए एलडा फाउंडेशन द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संस्था की अध्यक्ष डॉ0 पूजा शाहीन ने कहा कि किसी भी कैंसर में कोशिकाएं असमान्य रूप से बढ़ने लगती हैं। गर्भाशय ग्रीवा पर होने वाले कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है । उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर एच पी वी संक्रमण के कारण होता है यह एक यौन संचारित वायरस है असुरक्षित यौन संबंधों के कारण किशोरावस्था में यह अधिक फैलता है उन्होंने सलाह दी अगर रिलेशनशिप या किन्ही अन्य कारणों से एक से अधिक पार्टनर के साथ यौन संबंध स्थापित करते हैं तो कंडोम या सुरक्षित यौन संबंध ही बनाएं अन्यथा इस गंभीर बीमारी से जूझना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी महिलाएं पीरियड्स के दिनों में कपड़े का इस्तेमाल , सेनेटरी पैड का इस्तेमाल 6 घंटे से ज्यादा करती हैं इससे संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है इन दिनों साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें व यूट्रस पार्ट पर बालों की सफाई केमिकल युक्त लोशन से करने की बजाय रेजर से करें। संस्था की लखनऊ महानगर अध्यक्ष राजश्री नीरज ने कहा कि कम उम्र में यौन संबंध बनाने से भी यह समस्या आती है तथा सर्वाइकल कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है, ज्यादा गर्भ निरोधक गोलियों के इस्तेमाल करने,अधिक धूम्रपान करने, तनावग्रस्त रहने से भी सर्वाइकल कैंसर का खतरा काफी बढ़ जाता है।उन्होंने बताया कि 9 वर्ष से 42 वर्ष तक महिलाओं व बच्चियों को जिन्हें पीरियड्स आते हैं उनके लिए नियमित तीन वर्ष के अंतराल में जांच करवाया जाना बेहद जरूरी है साथ ही वैक्सीन की डोज भी अवश्य लगवाए। इससे इस बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के साथ साथ पुरुषों को भी एक से अधिक पार्टनर के साथ सम्बंध बनाने के लिए कंडोम का इस्तेमाल करना चाहिए अन्यथा पुरुषों में भी संक्रमण का खतरा हो सकता है। संस्था द्वारा इस दौरान सेनेटरी पेड़ का वितरण किया गया। एन्टी ह्यूमन सेल की निरीक्षक जीतो कम्बोज ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए सजग रहने की आवश्यकता है बच्चियों, युवतियों व महिलाओं किसी के साथ भी शारिरिक शोषण होता है तो वह तत्काल पुलिस को सूचना दे या हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें। स्पा सेन्टरों पर चल रही अनैतिक गतिविधियों की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जाती है साथ ही उनका रेस्क्यू कर कॉउंसिल की जाती है जिससे वह इस दलदल से बाहर निकल सकें।इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक मनीष शर्मा,प्रदीप फुटेला, अमित जैन, गरिमा,पूनम बिष्ट,शांति नाथ,प्रभा जोशी, ममता मेहरा सहित पुलिस कर्मी रही।





# औद्यौगिक विकास के लिए यूरोपीय प्रोद्यौगिकी पर की चर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल इंटर प्रिन्योर वेलफेयर सोसाईटी द्वारा गत दिवस रूद्रपुर के औद्यौगिक विकास के लिए यूरोपीय प्रोद्यौगिकी पर वीडीएमए इम्पोरियम के पहले संस्करण का सोसाईटी अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। जिसमें उद्यम के सामने आने वाले विभिन्न अवसरों और चुनौतियों को रेखांकित करते हुए उभरती आर्थिक स्थिति के सामने रणनीतिक अनुकूलनशीलता के महत्व और नवीन दृष्टिकोण पर चर्चा की गई। भारत और जर्मनी के बीच अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार सम्बंधों की उभरती गतिशीलता प्रोद्यौगिकी को मजबूत करने को लेकर जर्मन प्रतिनिधि मंडल ने सिडकुल का दौरा किया। प्रतिनिधि मंडल ने जर्मन दूतावास नई दिल्ली मिशन के उपप्रमुख जार्ज एनजवीलर के नेतृत्व में टाटा मोटर का दौरा कर प्लांट प्रमुख और अन्य विभागों के प्रमुखों के साथ सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा कर नवाचार के भविष्य पर प्रकाश डाला। उद्योगों के प्रतिनिधियों ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उत्तराखण्ड भारत के सबसे अधिक उद्योग अनुकूल राज्यों में से एक हैं। वहीं वीडीएमए इंडिया की ओर से जार्ज एनज्वैलर मंत्री मिशन जर्मन दूताचवास नई दिल्ली के उप प्रमुख का स्वागत किया गया। संदीप राव जनरल मैनेजर इंडिया ने बताया कि इस बार इस ज्ञान साझाकरण मंच ने दस प्रमुख जर्मन यूरोपीय कम्पनियों ने भाग लिया। इनमें बैकहाक, ऑटोमेशन, ईप्लान, साफ्टवेयर, गुरिंग इंडिया जैसी कम्पनियां शामिल हैं।




# कबड्डी प्रतियोगिता में देहरादून ने बाजपुर को हराया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेल निदेशालय उत्तराखंड देहरादून के सौजन्य एवं जिला प्रशासन उधमसिंह नगर के मार्गदर्शन में जिला खेल कार्यालय उधम सिंह नगर के अधीन मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में 11 से 13 सितंबर 2024 तक 3 दिवसीय राज्य स्तरीय अनुसूचित जनजाति ओपन बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतिम दिन राज्य स्तरीय अनुसूचित जनजाति ओपन बालक कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच देहरादून व मिनि स्टेडियम बाजपुर के मध्य खेला गया। जिसमें देहरादून 25 प्वाइंट्स से विजय रही। अवसर पर खेल विभाग उधम सिंह नगर के कर्मचारी एवं खेल प्रशिक्षक उपस्थित मौजूद रहे।



# ताईक्वांडो टीम का चयन कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड ओलम्पिक संघ के तत्वाधान में 20 सितम्बर 2024 से आयोजित होने वाले आगामी पंचम उत्तराखण्ड राज्य खेल में प्रतिभाग करने वाली जनपद ऊधम सिंह नगर की ताईक्वांडो टीम के चयन हेतु 15 सितम्बर को जिला ताईक्वांडो संघ एवं जिला ओलम्पिक संघ के समन्वय से सीनियर खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल (महिला एवं पुरुष वर्ग) स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए चयन प्रक्रिया के प्रभारी कोशल किशोर सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के वही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं जो जनपद ऊधम सिंह नगर के स्थाई निवासी हों या जनपद ऊधम सिंह नगर के अन्तर्गत प्रतिभागी स्वयं अथवा प्रतिभागी के माता–पिता किसी सरकारी विभाग में सेवारत हों। स्थाई निवास प्रमाण पत्र/विभाग के अन्तर्गत सेवा के प्रमाण साक्ष्य का होना अनिवार्य है। इस ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी का ब्लैक बेल्ट धारक होना अनिवार्य है। एस.एस.बी., पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स में सेवारत खिलाड़ी जो जनपद ऊधम सिंह नगर के स्थाई निवासी हैं वह इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की अर्हता रखते हैं। ऐसे खिलाड़ियों को अपनी वतर्मान संस्था से 20/04/2024 से पहले जारी की गई एन.ओ.सी. उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने इच्छुक आवेदकों से अपने आधार कार्ड, 2 फोटो एवं आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ 15 सितम्बर को सुबह 8 बजे डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम, रुद्रपुर में पहुंचने की अपील की है।

# विकसित भारत के लिए बच्चों को कुपोषण से बचाना जरूरी: भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पोषण माह जागरूकता अभियान का केंद्रीय संचार ब्यूरो, नैनीताल की तरफ से रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम का समापन तीसरे हुआ। भारी बारिश के बावजूद सीबीसी के आमंत्रण पर पहुंचे उत्तराखंड सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सुरेश भट्ट ने कहा कि पोषण पर इतना विस्तृत कार्यक्रम पहली बार देखा। उन्होंने कहा कि आज का सुपोषित बच्चा कल का सुपोषित नागरिक बनकर विकसित भारत का निर्माण करेगा। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को कुपोषण से मुक्ति का संकल्प दिलाया है तो अब कुपोषण को देश छोड़ना ही होगा। समापन समारोह में 10 बच्चों का अन्नप्राशन, 10 महिलाओं की गोद भराई और 10 धात्री महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर हुई कुर्सी दौड़ में गीता रानी प्रथम, शकुंतला पाल द्वितीय, मीता डे तृतीय रहे. वहीं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अच्छा काम करने के लिए शीतल, कौशल्या, सीता, तारा भट्ट और संजू को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीपीओ मुकुल चौधरी, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, सीडीपीओ आशा नेगी, सीबीसी के आनंद सिंह,गोपेश बिष्ट, डॉ दीपा जोशी, शोभा चारक, शर्मिष्ठा चक्रवर्ती, दीवान सिंह गंगोला, भूपेंद्र जड़ौत मौजूद थे।





# समाजसेवी गाबा ने जलभराव प्रभावितों का जाना हाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता सुशील गाबा ने भारी बारिश के दौरान जल भराव की समस्या से जूझ रहे निचले इलाकों का दौरा किया और आम जनता से मिलकर उनकी परेशानी को जाना। लगातार हो रही भारी वर्षा में भाजपा नेता सुशील गाबा ने रुद्रपुर के निचले क्षेत्रों जगतपुरा वार्ड 6, वार्ड 39 संजय नगर खेड़ा और ट्रांजिट कैंप में क्षेत्र में दौरा कर आम जनता की समस्याओं को देखा और जल निकासी की स्थाई बड़ी ड्रेनेज परियोजना की गहरी आवश्यकता को वक्त की आवश्यकता बताया। समाज सेवी सुशील गाबा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में रुद्रपुर की आबादी चार गुना बढ़ गई है। अब हमें जल भराव की समस्या के स्थाई समाधान की तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए बेगुल के साथ–साथ कल्याणी फीडर के बंद मार्ग को खोल जाना भी अत्यंत आवश्यक है ताकि भारी बारिश व अतिवृष्टि के मामले में जनता को जान माल के नुकसान से बचाया जा सके। गाबा ने आशा जताई कि क्षेत्र के विजनरी विध ायक शिव अरोड़ा के पहल से जो ड्रेनेज सर्वे कार्य शुरू हुआ है,उसके सुदूर गामी सकारात्मक परिणाम होंगे और जनता को इस जलभराव कीस्थिति से निजात मिलेगी।



# राज्य स्तरीय खेल के शुभांकर का डीएम ने किया लोकार्पण

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । 5वें राज्य स्तरीय खेल 2024 का आयोजन आगामी 20 सितम्बर से मनोज सरकार स्पोर्ट स्टेडियम रूद्रपुर उधमसिंह नगर में आयोजित होगें। 5वें राज्य स्तरीय खेल 2024 के शुभांकर सिम्बा का लोकार्पण जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट में किया। उन्होने कहा खेलेगा उत्तराखण्ड, जीतेगा उत्तराखण्ड। उन्होने आयोजन मंडल को 5वें राज्य स्तरीय खेलों का प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जनपद मुख्य–मुख्य स्थानों पर खेल शुभांकर सिम्बा का पोस्टर, बैनर, होर्डिग्स लगाकर वृहद प्रचार–प्रसार किया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, राकेश तिवारी, राज्य ओलम्पिक संघ के राजीव मेहता, डीके सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि थे।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## जांच एजेंसियों की जवाबदेही

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आखिरकार कथित आबकारी नीति घोटाले में जमानत मिल गई। इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी पर उन्हें पहले ही जमानत मिल गई थी। अब सीबीआइ की गिरफ्त से भी उन्हें मुक्ति मिल गई है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है, पर इस मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने जो सवाल उठाए, वे जांच एजेंसियों के कार्य व्यवहार पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत रेखांकित करते हैं। कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार किए गए अब लगभग सभी आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। मगर इस पूरे प्रकरण से यही जाहिर हुआ है कि इसमें भ्रष्टाचार निवारण की नीयत कम और राजनीतिक मंशा अधिक काम कर रही थी। सर्वोच्च न्यायालय बार-बार कह रहा था कि जमानत अधिकार है और जेल विशेष परिस्थितियों में ही भेजा जाना चाहिए। मगर निचली अदालत और उच्च न्यायालय लगातार केजरीवाल और दूसरे आरोपियों की जमानत याचिकाएं रद्द करती रहीं। प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआइ हर बार कुछ नया नुक्ता निकाल कर इस मामले को लटकाए रखने का प्रयास करती रही। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय को यह तक कहना पड़ा कि अगर जांच एजेंसियां इस तरह बेवजह जमानत के मामले को लंबा खींचती रहेंगी, तो मामले की सुनवाई शुरू ही नहीं हो सकेगी। आम आदमी पार्टी शुरू से आरोप लगाती रही है कि शराब घोटाला मनगढ़ंत मामला है, वह केवल केजरीवाल सरकार को अस्थिर करने और उसके कामकाज में बाधा डालने की नीयत से रचा गया है। मगर उपराज्यपाल और भाजपा इसे बड़ा भ्रष्टाचार बताते रहे। इसे लेकर लंबे समय से सियासी रस्साकशी चलती रही है। मगर इसकी असलियत तो तभी पता चल सकेगी, जब अदालत में इस पर सुनवाई पूरी होगी। अभी तक तो केवल जमानत के लिए संघर्ष चल रहा था। मनीष सिसोदिया करीब डेढ़ वर्ष जेल में रहे। अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और के कविता करीब पांच-पांच महीने सलाखों के पीछे रहे। बार-बार यह सवाल उठता रहा कि उन्हें जमानत क्यों नहीं मिलनी चाहिए। मगर दलील यह दी जाती थी कि धनशोधन मामले में जमानत के खिलाफ कड़े प्रावधान हैं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि धनशोधन कानून का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। किसी को किसी गवाह के कबूलनामे के आधार पर गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। खासकर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को इसी आधार पर चुनौती दी गई थी कि उन्हें एक ऐसे आरोपी के कबूलनामे के आधार पर गिरफ्तार किया गया, जो सरकारी गवाह बन गया। हालांकि जमानत मिल जाने से किसी की बेगुनाही साबित नहीं हो जाती, पर कथित दिल्ली शराब घोटाला मामले में जिस ढंग से गिरफ्तारियां हुईं और फिर उन लोगों की जमानत को रोकने का प्रयास होता रहा, उससे धनशोधन निवारण कानून के दुरुपयोग का गंभीर मामला उठा। बार-बार सर्वोच्च न्यायालय ने जांच एजेंसियों को फटकार लगाई। इससे यह भी संदेश गया कि धनशोधन निवारण कानून पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। जांच एजेंसियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। भ्रष्टाचार निवारण के नाम पर जांच एजेंसियां लोगों को गिरफ्तार तो कर लेती हैं, पर उनमें दोष सिद्धि न हो पाने के कारण उनका मकसद ही प्रश्नांकित होने लगता है। पहले जांच एजेंसियों की निष्पक्षता सुनिश्चित होगी, तभी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने का भरोसा जगेगा।

# नदियों को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेज

## नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत 36 परियोजनाएं पूरी, 137 नालों को रोका



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने बताया कि "नमामि गंगे" कार्यक्रम के अंतर्गत नदियों को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इसी क्रम में 244.48 एमएलडी क्षमता सृजित करने के लिए 62 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाने के लिए कुल 43 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। जिनमें से अब तक 36 परियोजनाएं पूरी कर ली गई हैं। इसके साथ ही 20 एसटीपी की स्थापना के लिए शेष 7 परियोजनाएं विभिन्न चरणों में जारी हैं। उन्होंने बताया कि एनएमसीजी एवं सीपीसीबी द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार 170 नालों की पहचान की गई है, जिनमें से 137 नालों को रोका जा चुका है, शेष 33 नालों पर कार्य गतिमान है। उन्होंने बताया कि केएफडब्ल्यू द्वारा वित्त-पोषित परियोजनाओं के तहत हरिद्वार और ऋषिकेश शहरों में 541 किलोमीटर लंबे सीवर नेटवर्क में गंगा नदी में गिरने वाले सीवेज के शत प्रतिशत उपचार किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि नियमित निगरानी के परिणामस्वरूप गंगोत्री से ऋषिकेश तक पानी की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, जहाँ यह वर्ग-ए मानकों (पीने के लिए उपयुक्त) को पूरा करता है। ऋषिकेश से हरिद्वार तक पानी की गुणवत्ता वर्ग-बी (बाहर नहाने के लिए उपयुक्त) के अंतर्गत आती है। इसे और बेहतर बनाने का काम प्रगति पर है।मुख्य सचिव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार उत्तराखण्ड के सभी जिलों में परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) और नमामि गंगे योजना के माध्यम से 2.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र जैविक खेती के अंतर्गत आता है। जो राज्य के कुल खेती योग्य क्षेत्र का 39% है। इसी क्रम में नमामि गंगे स्वच्छ अभियान के तहत पीकेवीवाई दिशा-निर्देशों के अनुसार गंगा बेसिन में स्थित 50,840 हेक्टेयर गांवों में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। परियोजना के तहत उत्पादित जैविक उत्पादों कोनमामि गंगे- ऑर्गेनिक उत्तराखण्ड ब्रांड नाम से बेचा जा रहा है। राज्य के पर्यटक मार्गों पर 304 जैविक स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए एक्टिव हैं और पास के जैविक क्लस्टर के लिए संग्रह केंद्र के रूप में भी काम कर रहे हैं।

# रिमझिम वर्षा में किया गणपति प्रतिमा का विसर्जन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। देव भूमि सामाजिक मंच द्वारा होली मैदान में आयोजित किये जा रहे गणेश महोत्सव के अंतिम दिवस रिमझिम वर्षा के बीच जयघोषों के साथ गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा होली मैदान से प्रतिमा की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर गणपति बप्पा मौर्या अगले बरस तू फिर से आ आदि जयघोषों के साथ भागीदारी की। शोभा यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई रानीबाग में गौला नदी के तट पर पहुंची जहां पुरोहित भुवन चन्द भट्ट द्वारा विधिविधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया और प्रसाद वितरित किया। इस दौरान देवभूमि सामाजिक मंच के अध्यक्ष मिंटू गुप्ता, राजकुमार आनन्द, अजय कृष्ण गोयल , विजय गुप्ता, पंकज अग्रवाल, किशोर वार्ष्णेय, सन्नी आनन्द, हिमांशु वार्ष्णेय, राजकुमार केसरवानी, मंगल जीना, पवन गुप्ता, गणेश साहू आदि मौजूद थे। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। प्राचीन शिव मंदिर कमेटी व वैश्य महा सभा द्वारा भी गत दिवस गणेश प्रतिमा को विसर्जन कर गणेश महोत्सव का समापन किया गया। इस मौके पर डीके अग्रवाल, लाला जायसवाल, अशोक सिंधी, रामबाबू जायसवाल, हेमंत साहू, दिव्यांशू शर्मा, हरिमोहन अरोरा आदि मौजूद थे।





# एक्शन में डीएम सविन: लापरवाह कर्मचारियों का किया तबादला

देहरादून(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी की कमान मिलने के बाद से ही सविन बंसल एक्शन मोड़ में है। भारी बारिश के बीच डीएम ने तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। समय पर न पहुंचने वाले अधिकारियों को डीएम ने आखिरी चेतावनी दी है। वहीं कुछ का तबादला भी किया है। डीएम के औचक निरीक्षण के बाद से अधिकारी कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिलाधिकारी सविन बंसल शुक्रवार सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर भारी बारिश के बीच तहसील कार्यालय पंहुचे। जिलाधिकारी ने अटेंडेंस रजिस्टर को देखने के बाद देरी से आने वाले कर्मियों को चेतावनी दी है। डीएम ने साढ़े दस बजे के बाद आने वाले कर्मियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सुस्त कार्य प्रणाली पर डब्लूबीएन, एडब्लूबीएन के तबादले के आदेश जारी कर दिए हैं। डीएम ने कार्यालयों में जनमानस के लिए आदर्श माहौल स्थापित करने और वहां आने वाले लोगों के साथ व्यवहार में सौम्यता रखने और आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ने तहसील परिसर में सीढीयों पर गंदगी पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए सफाई व्यवस्था के लिए लगाए गए ठकेदार पर एक लाख जुर्माना की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। डीएम सविन बंसल ने निरीक्षण में तहसील परिसर में लिफ्ट खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान मौके पर मौजूद एमडीडीए के अधिकारियों ने बताया कि लिफ्ट पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने एक माह के भीतर लिफ्ट ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने निरीक्षण के दौरान तहसील में वसूली की प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए वसूली बढाने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि 10 लाख से अधिक के बकायेदारों से एक महीने के भीतर वसूली की जाए। डीएम ने इस काम में लापरवाही बरतने पर निलंबन की कार्यवाही की चेतावनी दी है। जिलाधिकारी ने लम्बित वाद की स्थिति जानी, म्यूटेशन आदेश के बाद पोर्टल पर अपडेट किये गए अभिलेखों का विवरण जाना। इसके साथ ही निर्देशित किया कि म्यूटेशन के आदेश जिलाधिकारी सविन बंसल ने पुलिस, नगर निगम, एमडीडीए के अधिकारियों के साथ पुरानी तहसील का निरीक्षण किया। तहसील में पार्किंग की समस्या देखते हुए पार्किंग बनाने के दिए निर्देश। डीएम ने कहा इस स्थान पर मल्टीलेवल ओटोमैटिक मैकेनाईज पार्किंग बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।



# उत्तराखण्ड गौरव सम्मान के लिए मांगे आवेदन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तराखंड गौरव सम्मान पुरस्कार प्रदान किया जाना है। यह पुरस्कार ऐसे महानुभावों/व्यक्तियों को दिया जाता है, जिनके कार्यों के कारण राज्य का नाम रोशन हुआ हो, जिनके कार्यों के कारण राज्य स्तर पर या राष्ट्रीय स्तर अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का सम्मान बढ़ा हो, एवं जिनके द्वारा राज्य के विकास में अत्यधिक योगदान दिया गया हो तथा जिसकी राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गयी हो। पुरस्कार की प्राप्ति हेतु आवेदन की तिथि विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिन के भीतर नियत की गई है, अतः इच्छुक समस्त महानुभावों/व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप पर जिलाधिकारी कार्यालय से आवेदन पत्र में वर्णित तथ्यों को सत्यापित कराते हुए आवेदन पत्र डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भवन, पश्चिमी ब्लॉक, सचिवालय परिसर, देहरादून - 248001 को अथवा ईमेल आईडी gadukgovt@gmail.com विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर प्रेषित करें। मुख्य सचिव उ.ख. शासन की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा आवेदनों पर विचार किया जायेगा तथा पात्र महानुभावों/व्यक्तियों का नाम संस्तुत किया जाएगा तथा मा. मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदन किया जाएगा। चयनित महानुभावों/व्यक्तियों को मा. मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा उत्तराखंड गौरव सम्मान पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

# एसएसआई और चौकी प्रभारी सहित पांच लाईन हाजिर

## बदमाशों के तार हरियाणा से जुड़े,जल्द होगी गिरफ्तारी

हरिद्वार। श्री बालाजी ज्वेलर्स शोरूम में डकैती के प्रकरण में पुलिस अहम सुराग मिलने का दावा कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अहम सुराग मिले हैं। खोजबीन में जुटी टीमें आरोपियों के करीब पहुंच गई हैं। हरियाणा और चंडीगढ़ के अलावा दिल्ली एनसीआर में टीमें डटी हुई हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार किया जा सकता है। एक सितंबर की दोपहर रानीपुर मोड़ के पास अतुल गर्ग के श्रीबालाजी ज्वेलर्स शोरूम में पांच हथियारबंद बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। एसएसपी ने पुलिस और सीआईयू की 11 टीमें गठित करते हुए बदमाशों की धरपकड़ के लिए बाहरी राज्यों में रवाना कर दी थी। बदमाशों के हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली एनसीआर, पंजाब में सुराग मिलने के बाद टीमें वहां पहुंच गई थी। आरोपियों को ट्रेस भी कर लिया गया है और टीमें उनके करीब पहुंचने वाली हैं। बदमाशों के तार हरियाणा के फरीदाबाद, कैथल और चंडीगढ़ से जुड़े हुए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि अहम सुराग मिले हैं। बदमाशों की खोजबीन जारी है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।





हरिद्वार। हरिद्वार में श्रीबालाजी ज्वेलर्स शोरूम में हुई करोड़ों की डकैती के मामले में ज्वालापुर कोतवाली के एसएसआई और रेल चौकी प्रभारी रहे एसआई वीरेंद्र नेगी पर गाज गिरी है। मंगलौर में भी लूट के मामले में चौकी प्रभारी और दो चेतक कर्मियों को लाइन हाजिर करने के साथ ही कोतवाल से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसएसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति बन गई। एक सितंबर को ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में रानीपुर मोड़ के पास श्रीबालाजी ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने डकैती डाली थी। तीन सितंबर को अवधूत मंडल आश्रम के पास मॉर्निंग वॉक के लिए जाते समय महिला से चेन लूट ली गई थी। इन घटनाओं को एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने गंभीरता से लेते हुए एसएसआई राजेश बिष्ट, उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह नेगी (तत्कालीन प्रभारी चौकी रेल) को लाइन हाजिर किया है। घटना के बाद ही वीरेंद्र नेगी को चौकी से हटाते हुए ज्वालापुर कोतवाली भेज दिया था। मामले में एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह को जांच सौंपी है। इसके साथ ही मंगलौर कोतवाली की चौकी कस्बा बाजार क्षेत्र में हाईवे पर तीन बाइक सवारों ने एक व्यापारी की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर बैग लूटा था। इस मामले में एसएसपी ने चौकी प्रभारी नवीन नेगी, चेतककर्मी हेड कांस्टेबल मनोज मिनान और कांस्टेबल उत्तम सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। सीओ मंगलौर को प्रकरण की जांच सौंपी है। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने कहा कि कर्तव्यों में लापरवाही पाए जाने पर किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

# केजरीवाल को जमानत मिलने पर जताया हर्ष

गदरपुर(उद संवाददाता)।आम आदमी पार्टी के मुखिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर उत्तराखंड के आप कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने भी गदरपुर पहुंच कर कार्यकर्ताओं के बीच जश्न मनाया और मिष्ठान वितरण किया। उन्होंने बताया सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से बेहद खुश हैं। सुभाष व्यापारी ने कहा कि हम पहले दिन से ही कह रहे हैं कि यह पूरा मामला झूठ की बुनियाद पर खड़ा है और इसे बनाने के पीछे केंद्र की मोदी सरकार है। इस तानाशाही हुकूमत ने अरविंद केजरीवाल को बदनाम करने के लिए झूठ की बुनियाद खड़ी की। आज केजरीवाल



जी की रिहाई ने मोदी और जांच एजेंसियों के झूठ का पर्दाफाश कर दिया है कहा कि ईडी सीबीआई मोदी सरकार के तोते हैं आज अरविंद केजरीवाल जी ने अपनी ईमानदारी और सत्य की ताकत की बदौलत तानाशाह को झुका दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दी है यह हम सभी के लिए बेहद खुशी का पल है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बीजेपी के मुंह पर कड़ा तमाचा है। कोर्ट ने साफ कहा है कि केंद्र ने जांच एजेंसी को तोता बना कर रखा हुआ है। कोर्ट के इस फैसले ने संदेश दिया है कि इस देश में किसी तानाशाह की नहीं बल्कि संविधान की चलेगी और कोई तानाशाही चलाएगा तो देश का संविधान आम आदमी की रक्षा करेगे।

# मंजूनाथ टिसी ने जाना संजय ठुकराल का हाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिले के पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी सी ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के भाई एवं समाजसेवी संजय ठुकराल के आवास पर पहुंचकर उनका हाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गावा एवं तमाम लोगों ने संजय ठुकराल का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान सौरभ चलाना,ललित बिष्ट,जोम्मी चंडा,आकाश बाठला,राजीव साहनी, वरिष्ठ पत्रकार राजीव चावला, नरेंद्र राठौर,शिवा मौर्य,बंटी कोली, सोनू गगनेजा आदि लोगों उपस्थित थे।



# दबंगों ने युवक और भाईयों पर किया हमला

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोचिंग से घर आ रहे एक युवक ने कुछ युवकों पर आवास विकास गेट पर उसकी व उसके भाईयों की पिटाई करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। ग्राम रायपुर खुर्द, काशीपुर निवासी अर्शदीप सिंह पुत्र विक्कर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 11 सितंबर की शाम लगभग 6:30 बजे वह आवास विकास स्थित कोचिंग से अपने घर के लिए निकल रहा था कि तभी वहां करन सिंह निवासी जगन्नाथपुर, जशनदीप सिहं सोही निवासी गिरधई अपने दोस्त गेजू के साथ आये और बिना किसी कारण उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। जब उसने गाली देने को मना किया तो उक्त लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया तथा लाठी-डण्डों से उसे बुरी तरह मारा-पीटा, वह बामुश्किल वहां से अपनी जान बचा कर भागा। अर्शदीप ने बताया कि उसने मोबाईल से अपने घर पर अपने तहेरे भाईयों मेजर सिंह व जुगराज सिंह को सूचना दी। तब उसके तहेरे भाई मेजर सिंह पुत्र सुखविन्दर सिंह, जुगराज सिंह पुत्र सतपाल सिंह उक्त लोगो से समझौता करने के लिए गये, उनके साथ आवास विकास के गेट पर बातचीत चल रही थी तभी अचानक से करन सिंह, जशनदीप सिंह सोही, सूरज बोरा व अनके साथ अज्ञात व्यक्ति जिनके हाथों में लाठी-डण्डे, लोहे की रॉडें व तलवारें थी, ने उस पर व उसके भाईयों पर जानलेवा हमला कर दिया। जशनदीप सिंह उसके सीने पर तंमचा रखकर जान से मारने की धमकी देते हुए बोला कि यदि पुलिस में गया तो जहां मिलेगा वहीं जान से मार देगे। अर्शदीप की तहरीर के आधार पर पुलिस ने करन सिंह, जशनदीप सिंह, सूरज बोरा, गेजू तथा अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2),351(2),352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# साहित्यकार सुरेन्द्र जैन को किया सम्मानित

बाजपुर (उद संवाददाता)।हिंदी दिवस के अवसर पर बाजपुर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र जैन को सम्मानित कियाग या। आत्ममंथन काव्यसंग्रह के रचनाकार, रेहड़ी पर एवरेस्ट जीवनी के लेखक, समालोचक व स्मारक साहित्य के स्तम्भ डॉ. सुरेन्द्र जैन को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि डॉ सुरेन्द्र का पूरा परिवार वर्षों से साहित्य व संगीत की साधना में लगा हुआ है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी मात्र एक भाषा नहीं बल्कि हमारी मातृभाषा है, यह भारत की अस्मिता और गौरव का प्रतीक है।



हिन्दी पूरे विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा के रूप में अपनी पहचान रखती है। आइये, हिंदी दिवस के अवसर पर हिन्दी के संवर्धन और प्रचार-प्रसार का संकल्प लें। इस अवसर पर वरिष्ठ संगीतकार अमन सब्बरवाल, जुनैद आलम, नितिंजय, प्रिंस यादव कर्मजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। सड़क हादसे में घायल एक वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने इसका पंचनामा भर पोस्टमार्टम करा कर उसकी शव को परिजनों को सौंप दिया है। गांधीनगर निवासी 73 वर्षीय मोहम्मद उमर पुत्र मोहम्मद रफीक 3 दिन पूर्व एसडीएम कोर्ट के समीप पैदल-पैदल अपने घर की ओर आ रहे थे तभी किसी कार उन्हें टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्ती की वह गंभीर रूप से घायल हो गया है यह उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया उनकी हालत को गंभीर देखते हुए घायल को ऋषिकेश एम्स चिकित्सालय भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने देखकर घायल की हालत को गंभीर बताई और उसे सुशीला तिवारी चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया यहां घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने शिव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा है कोतवाल उमेश मलिक का कहना है कि तहरी आने पर कार चालक के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। वाहन चोरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है वाहन चोर किसी न किसी के वाहन पर हाथ साफ करते नजर आ रहे हैं जहां पुलिस नगर को अपराध मुक्त कह रही है वहीं नगर में अपराध और अपराधी किसी न किसी वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती देते नजर आ रहे हैं वाहन चोरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक चुरा ली। पीड़ित ने बनभूलपुरा थाना पुलिस को अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ तहरीर सौंप कर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। रामपुर रोड गली नंबर चार निवासी करनजीत सिंह पुत्र सत्येंद्र सिंह ने कोतवाली में अपनी मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी बाइक संख्या यू के 0 4 एक्स 3566 10 सितंबर को घर के बाहर खड़ी थी। अगले दिन की प्रात: घर से बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने बाइक की ढूंढ खोज की लेकिन बाइक का सुराग नहीं लगा। उसने पुलिस से बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# अवैध शराब सहित तस्कर गिरप्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध शराब बेचते गिरफ्तार कर लिया। जानकाली के अनुसार उनि विकास कुमार साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल शेखर बुदियाल व रघुनाथ सिंह के साथ गश्त करते ग्राम बिन्दुखेड़ा पहुंचे तो मुखबिर की सूचना पर बिन्दुखेड़ा से चितरंजनपुर को जाने वाले रास्ते पर जा रहे थे तो रोड के किनारे एक व्यक्ति ग्राहक को शराब बेचता दिखाई दिया। जब उसने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की तो पुलिसकर्मियों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता जसवन्त सिंह उर्फ पेन्टर पुत्र कश्मीर सिंह निवासी चितरंजनपुर रोड रायपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कट्टे में भरे कुल 44 पाउच बरामद हुए। जसवन्त सिंह का कहना था कि वह गरीब है और कच्ची शराब बेचकर कुछ पैसे कमा लेता है। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर नशा तस्कर जसवंत सिंह को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पेज एक का शेष...

**फर्जी एप से ...** चला कि उस व्यक्ति ने शहर की और फर्मों पर भी अलग-अलग समय पर समान को क्रय कर फर्जी एप से भुगतान किया गया है। जिनमें मै0 महेन्द्र किराना स्टोर, गोल मार्केट के स्वामी मनदीप सिंह नागपाल से नौ हजार रूपये, राजू किराना स्टोर, काशीपुर रोड़, ग्राम महेशपुर के स्वामी राजीव कुमार बठला से पांच हजार, दी केक एण्ड वेक्स स्थित घास मण्डी, आदर्श कालोनी के स्वामी प्रवीन कुमार अनेजा से 7,800 रूपये की धोखाधडी की गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। छानबीन के बाद पुलिस और एसओजी टीम ने ठगी करने वाले मनजीत सिंह पुत्र रक्षपाल सिंह निवासी शांति कालोनी को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ करने पर पता चला कि उसने धोखाधड़ी करके खरीदा हुआ सामान भदईपुरा निवासी फरमान पुत्र मुन्ना मलिक को बेचा था। जिस पर पुलिस ने उसे भी खरीदे गये सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा पूछताछ में पता चला कि मनजीत को फर्जी एप भदईपुरा निवसी अभिषेक पुत्र हरिओम ने उपलब्ध कराया था। जबकि इस काम में पहाड़गंज निवासी बख्शीश सिंह पुत्र जसपाल ने भी मदद की। पुलिस ने अभिषेक और बख्शीश को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़ने वाली टीम में एसएसआई प्रथम अशोक कुमार, एसएसआई द्वितीय दीपक कौशिक, चौकी इंचार्ज आदर्श कालोनी संदीप पिलख्वाल, कांस्टेबल महेन्द्र कुमार, दिलीप कुमार सहित एसओजी टीम शामिल थी।

**रूद्रपुर में महिन्द्रा की ...** रिमाइंडर, 3 प्वाइंट सीट बेल्ट्स, चाईल्ड सीट के लिए आइसोफिक्स सपोर्ट आदि दिये गये है। ग्राहको के लिए 360 डिग्री सराउंड व्यू सिस्टम को भी शामिल किया गया है जो ड्राईविंग करते वक्त बहुत ही काम आयेगा। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की सेफ्टी के लिए लेबल 2 एडास फीचर्स दिए गये है जैसे कि आटोमैटिक इमरजेन्सी ब्रेकिग, अडेप्टिव कूज कन्ट्रोल और ब्लाइंड व्यू मानिटर जैसे कई फीचर्स मिलेगे। इसके साथ ही पैनोरमिक सनरूफ, वेटिलेटेड फन्ट सीट दी गयी है। 80 से ज्यादा कनेक्टेड फीचर्स मिलेगे। जिसमें वायरलेस एंड्रायड ऑटो एपल कारप्ले और एलेक्सा सिस्टम दिये गये है। उन्होंने बताया कि महेंद्रा ҁथार रॉक्सҁ वाहन की शुरूआती कीमत 12.99 लाख से है। ये दाम इस कार के बेस वेरिएंट का है, वही इस कार के टाप वेरिएंट (ए एक्स 7एल) की कीमत 20.49 लाख है। कम्पनी के निदेशकों द्वारा बताया गया कि कार्य की गुणवत्ता, परफारमेन्स क्वालिटी के कारण ही प्रतिष्ठान की गिनती इण्डिया के टाप डीलर्स में होती है। महिन्दा कम्पनी के अधि कारी द्वारा वाहन के रखरखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। उनके द्वारा बताया गया कि भविष्य में महिन्द्रा के और भी सेगमेन्ट देखने को मिलेगे। इस अवसर पर शोरूम के सभी अधिकारी कर्मचारी, इन्श्योरेन्स कम्पनी, फाईनेन्स कम्पनी एवं शहर के गणमान्य लोग व ग्राहकगण उपस्थित थे

**दो राज्यों को जोड़ने वाला...**मार्ग कई मीटर तक पानी में बह गया। संपर्क मार्ग कटने के कारण उत्तर प्रदेश के पीलीभीत और उत्तराखंड के बिज्टी मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हरजिंदर सिंह खालसा ने बताया कि पूर्व में पुलिया पानी में बह गई थी। इसके बाद विभाग ने मिट्टी भरने का कार्य कर मार्ग को सही किया था। शनिवार को तेज बहाव के कारण संपर्क मार्ग 50 मीटर तक दोबारा बह गया। उन्होंने बताया कि कैलाश नदी लगातार भू कटाव कर मार्ग की तरफ बढ़ रही हैं। तहसीलदार पूजा शर्मा ने बताया कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार पानी में बहे मार्ग का क्षेत्र उत्तर प्रदेश की सीमा के अंतर्गत आता है। उन्होंने मौके पर जाकर कटाव का निरीक्षण किया है। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ सहायक अभियंता सतपाल ने बताया कि स्टेट हाईवे लोक निर्माण विभाग खटीमा की संपत्ति है। इस हाईवे का निर्माण विभाग ने कराया हैं। विभागीय टीम संपर्क मार्ग के मरम्मतीकरण में जुट गई हैं। **खेमपुर मटीहा मार्ग से होगा हल्के वाहनों का आवागमन:** सितारगंज से पीलीभीत को जोड़ने वाला बिज्टी मझोला संपर्क मार्ग बहने के बाद दोनों राज्यों से आने वाले हल्के वाहनों का आवागमन खेमपुर मटीहा मार्ग से किया गया। खेमपुर मटिया मार्ग को डायवर्जन करने के बाद सितारगंज, पीलीभीत के लिए हल्के वाहनों का आवागमन जारी रहेगा। लोक निर्माण विभाग के खनिज सहायक अभियंता सतपाल सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त मार्ग में बाढ़ की स्थिति बनी हुई हैं। जिस वजह से दोनों राज्यों से आने वाले हल्के वाहनों का डायवर्जन खेमपुर मठिया की तरफ किया गया है। भारी वाहनों का डायवर्जन मार्ग पर प्रवेश प्रतिबंध रहेगा। **विरोधाभास के कारण पूर्व में नहीं बन सकी पानी में बही सड़क :** बज्टी मझोला संपर्क इससे पहले भी बरसात में बह गया था। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग खटीमा ने सुरक्षित मार्ग की डीपीआर बना ली थीं। लेकिन क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग का भौगोलिक क्षेत्र उत्तर प्रदेश की सीमा में होने के कारण मार्ग के निर्माण को लेकर अफसरों के बीच विरोधाभास हो गया। जिस वजह से क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग का निर्माण पूर्व में नहीं हो सका। जबकि बताया जाता है कि क्षतिग्रस्त मार्ग वर्ष 1976 से लोक निर्माण विभाग की संपत्ति है जिसकी तब से ही लोक निर्माण विभाग देखभाल, मरम्मत और सड़क निर्माण कर रहा है

**कार खाई में गिरी...**निवासी ग्राम पैकटिया पिथौरागढ़ शामिल है। जबकि घायल 19 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी ग्राम पैकटिया पिथौरागढ़ और सात वर्षीय आरुष कुमार पुत्र रवि लाल निवासी वार्ड न0 06 कुमौड़ पिथौरागढ़ शामिल है।रेस्क्यू टीम में अपर उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल दीपक मेहरा, कांस्टेबल विनोद कुमार, कमल जोशी सहित एसडीआरएफ की टीम शामिल थी।

**अवैध संबंधों की ..**ने पुलिस टीम का गठन किया जिसके बाद पुलिस ने घटना स्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उसमें किशोर एक बच्चे के साथ जाता हुआ दिखाई दिया। जब बच्चे से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह सत्यवीर के कहने पर उसे अपने साथ ले गया था। जब इस मामले में सत्यवीर से पूछताछ की तो उसने किशोर की हत्या करने की बात कबूल कर ली। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि मृतक की माँ के साथ उसके अवैध संबंध थे, जिससे उसे डर था कि मृतक यह बात अपने पिता को न बता दे। इस डर के चलते, सत्यवीर ने अपने बच्चे के माध्यम से मृतक को बुलाया और जंगल में ले जाकर उसका गला दबाकर हत्या कर दी और शव वहीं फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जले भेजने की तैयारी चल रही थी। पुलिस टीम में एसओ मुखानी पंकज जोशी, आरटीओ चौकी प्रभारी बलवंत सिंह कम्बोज, एएसआई प्रकाश आर्या, कां. सुनील आगरी, रविन्द्र खाती, बलवंत सिंह, जगदीश राठौर शामिल रहे।

**दो ट्रालों में ..** की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर आ गये और उन्होंने सभी घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि किशन की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे सुशीला तिवारी चिकित्सालय रैफर कर दिया। पुलिस ने मृतक राजकुमार का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और उसके परिजनों को घटना से अवगत कराया। पुलिस दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

**खेत में आम के ..**तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन यहां काबिले गौर यह है कि खेत से 25 आम के पेड़ों को काटना और मौके से गायब कर देना अपने आप में आश्चर्य है कि किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी।

# महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला उद्योग केन्द्र के सहयोग से महिला एवं बाल विकास मजदूर उत्थान समिति द्वारा संजय कालोनी बाजपुर में महिलओं के लिए 21 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू की गई। जिसका शुभारम्भ सुशील वर्मा, इन्द्रजीत सिंह, गोपाला व शशिबाला ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर रेनू सिंह द्वारा दिया जा रहा है। संस्था सचिव ने महिलाओं को जिला उद्योग केन्द्र की योजनायें बताईं। इस दौरान सरनजीत, हरजीत, किरनदीप, सोनिया, मीनाक्षी, सलोनी, सुजना, नीरज, रंजनी, ममता, बलविन्दर, शालू , पूजा आदि मौजूद रही।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जेल में बिना अनुमति पीपी को दीक्षा देने वाले साधुओं पर गिरेगी गाज

## श्रीपंचदशनाम् जूना अखाड़ा ने जूना अखाड़ा के थानापति राजेंद्र गिरि को पद से निलंबित किया, जांच जारी

हरिद्वार(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की अल्मोड़ा जेल में संगठित अपराध, हत्या व रंगदारी वसूली आदि गंभीर मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे अंडरवर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडेय पीपी (प्रकाशानंद गिरि) को जेल में कंठी-माला पहना दीक्षा देने वाले जूना अखाड़ा के थानापति राजेंद्र गिरि को श्रीपंचदशनाम् जूना अखाड़ा ने पद से निलंबित कर दिया है। जांच में उनपर लगे आरोप सत्य पाए जाने पर उन्हें अखाड़े से बर्खास्त कर दिया जाएगा। श्रीपंचदशनाम् जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहंत हरिगिरि ने पूछे जाने पर इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि थानापति राजेंद्र गिरि ने न तो जूना अखाड़ा प्रबंधन और न ही अपने वरिष्ठों को से इसकी पूर्व अनुमति ली थी, न ही कोई जानकारी दी। कहाकि राजेंद्र गिरि को अखाड़े की ओर की जा रही मामले की जांच पूरी होने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जांच के रिपोर्ट आने के बाद राजेंद्र गिरि और उनके साथियों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपों की पुष्टि होने पर उन्हें जीवनपर्यंत के लिए अखाड़े से बाहर कर दिया जाएगा। आरोप है कि पीपी ने साधु बन प्रयागराज कुंभ के बहाने जेल से बाहर आने की योजना के तहत अल्मोड़ा जेल में दीक्षा ली थी। इस काम में उसका सहयोग श्रीपंचदशनाम् जूना अखाड़ा के थानापति राजेंद्र गिरि और उनके 11 साथियों ने किया था। इन्हीं 11 में से तीन ने जेल के भीतर जाकर पीपी



को दीक्षा दी थी, जिसके बाद राजेंद्र गिरि ने पीपी को अंसेश्वर मठ, मुनस्यारी माता का मठ, गंगोलीहाट में लमकेश्वर, यमुनोत्री में भैरव और भद्रकाली मंदिर का उत्तराधिकारी यानी मठाधीश भी घोषित कर दिया। उन्होंने अल्मोड़ा जेल के बाहर पत्रकार वार्ता आयोजित कर इसकी घोषणा की थी। इसे लेकर जूना अखाड़ा प्रबंधन राजेंद्र गिरि ने नाराज था, उन्होंने यह सब करने से न तो अखाड़ा प्रबंधन और न ही अपने वरिष्ठों को विश्वास में लिया था। आरोप है कि राजेंद्र गिरि ने पीपी के साथ मिलीभगत कर निजी लाभ के वशीभूत होकर यह कदम उठाया था। श्रीपंचदशनाम् जूना अखाड़ा के थानापति राजेंद्र गिरि रानीखेत में उसी क्षेत्र के मूल निवासी हैं, जहां का माफिया पीपी भी मूल निवासी है। वहीं इस काम की योजना बनी थी, जिसके बाद थानापति राजेंद्र गिरि ने साथी साधुओं संग पीपी को जेल में दीक्षा देने का काम किया। आरोप है कि इसके लिए संबंधितों को लोभ-प्रलोभन भी दिया गया, जिसकी जांच अखाड़े के कमेटी कर रही है। श्रीमहंत हरिगिरि ने बताया कि अखाड़ा प्रबंधन की जांच में प्रथम दृश्ट्या इन बातों की सत्यता प्रमाणित होने पर अखाड़ा प्रबंधन ने एक राय होकर थानापति राजेंद्र गिरि को उनके पद से निलंबित किए जाने के निर्णय में थानापति राजेंद्र गिरि के गुरु और वरिष्ठों की सहमति भी शामिल है। वह जांच पूरी होने तक निलंबित रहेंगे। आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी। बताया कि राजेंद्र गिरि के साथ पीपी को अल्मोड़ा जेल में दीक्षा देने गए अन्य साधु कौन और किस अखाड़े से हैं, पता लगाया जा रहा है। अगर वह भी जूना अखाड़ा के हुए तो उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्रीमहंत हरिगिरि ने कहा कि जेल प्रशासन का उत्तरादायित्व बनता था कि वह इस तरह की अनुमति मांगने वालों की सत्यता को प्रमाणित कराने के बाद ही अनुमति देते। बताया कि श्रीपंचदशनाम् जूना अखाड़ा के बागेश्वर जिले में बागेश्वर के बागनाथ मंदिर के पास में स्थित जूना अखाड़ा के स्थानीय मठ के श्रीमहंत शंकर गिरि मामले की जांच कर रहे हैं। श्रीमहंत शंकर गिरि पीपी मामले में बनी जूना अखाड़े की सात सदस्यीय जांच कमेटी के प्रमुख सदस्य हैं और जांच समिति के सहयोग से यह काम कर रहे हैं।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 200 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

## श्याम मित्र मंडल द्वारा चौथे रक्तदान शिविर का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता) । श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में श्री सुहावाराम भुड्डी धर्मशाला में आयोजित किए गए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में लगभग 200 रक्तदाताओं द्वारा रक्त देकर पुण्य कमाया गया । रक्तदान शिविर का शुभारंभ दो थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों द्वारा फीता काटकर किया गया । तत्पश्चात एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय काशीपुर के डॉक्टर अफसाना खान, सतीश कुमार, सरिता ठाकुर, कपिल चंद्र, मीनू कुमारी ,हरजीत कुमार ,विपिन कुमार, लव कुश, लोकेश कुमार के अलावा रुद्रपुर चौरिटेबल ब्लड बैंक के डॉक्टर सत्यम शर्मा, दिव्यांशु, अनूप, गौरव ,विक्की, अलका ,इकरा की टीम द्वारा रक्तदाताओं के रक्त ग्रुप को चेक करके और ब्लड का सैंपल लेकर रक्तदान करवाया गया । लगभग 200 श्याम मित्र मंडल के सेवादारों एवं अन्य लोगों द्वारा रक्तदान देकर पुण्य कमाया गया । इस दौरान भाजपा





जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने मौके पर पहुंचकर कहा, श्याम मित्र मंडल के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर समाजसेवी विनोद भुसरी, मुनी भुसरी,सुरेश खुराना, राजेश गुंबर मिनी, रविंद्र बजाज, गुट्टू पपनेजा, सोमनाथ छाबड़ा ,अशोक हुड़िया, कपिल गंडा,संजीव नागपाल ,रविंद्र वीर बड़े, संतोष गुप्ता ,दीपक हुड़िया, अभिषेक वर्मा, रवि सचदेवा, राकेश कंबोज, डॉक्टर विनीत अरोड़ा के अलावा श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष विजय अनेजा,अंकित गगनेजा, अक्षित, अंकुश अनेजा, बृजेश गुप्ता, हरविंदर सिंह बिन्नी ,चिराग मुरादिया,दीपक खेड़ा, देव चौधरी, गौरव तेजवानी,गोल्डी अनेजा, गोल्डी गाबा,जीतू गंगवार, कपिल चंद्रा, केशव कुमार, कुणाल ग्रोवर, मनीष फुटेला, नीतू पसरीचा, मोहित अग्रवाल, नरेश पसरीचा,नट्टू चौधरी, निखिल गाबा, रोहित सुदामा, निकुंल ,नितिन मुंजल, राहुल चंद्रा, रॉबिन फुटेला, सनी बत्रा, रोहित कंबोज, सचिन गाबा, यशपाल गुंबर, समन मुंजाल, संदीप बत्रा ,संजीव नागपाल, दो सोनू विश्वास, सार्थक सुखीजा, शंटी कालड़ा, विक्की भुसरी, यश कालरा ,वंश, विवेक, योगेश छाबड़ा, विक्की मुरादिया आदि मौजूद रहे ।

# छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी मामा को बीस वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। 6 वर्षीय अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले कलयुगी मामा को एफटी एससी कोर्ट न्यायाधीश श्रीमती संगीता आर्या द्वारा 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुना दी। विशेष लोक अभियोजक उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 26 जनवरी 2019 को थाना आईटीआई में एक व्यक्ति द्वारा मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि शाम सात बजे उसके घर पर महेशपुर खेम भगतपुर मुरादाबाद निवासी अंकुर उर्फ अंशुल और शेर सिंह नाम के रिश्तेदार नशे की हालत में आते हैं जब उसने बाहर जाने को कहा तो दोनों ने पानी पीने की इच्छा जताई जैसे ही वह पानी लेने कमरे में गया और वापस लौटा तो पाया कि मुंहबोला भांजा अंकुर गायब था और जब शेर सिंह से उसके बारे में पूछा तो वह सकपकाने लगा थोडी देर बाद देखा तो उसकी छह वर्षीय नाबालिग बेटी भी गायब थी इधर आरोपी शेर सिंह भी भाग गया।काफी खोजबीन के बाद एक घंटे के भीतर अचानक मुंहबोला भांजा यानि अंकुर उसकी छह वर्षीय बेटी को बदहवास हालत में घर के बाहर छोड़कर फरार हो गया। जब बच्ची को होश आया तो उसने बताया कि मामा ने उसके साथ गंदा काम किया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। मामले की सुनवाई एफटीएससी कोर्ट न्यायाधीश श्रीमती संगीता आर्या की अदालत में शुरू हुई जिसमें विशेष लोक अभियोजक उमेश कुमार गुप्ता ने अदालत के सामने सात गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने व तथ्यों का परीक्षण करने के बाद अदालत ने दुष्कर्म के दोषी अंकुर को ध ारा 376 आईपीसी एंव 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत बीस साल कठोर कारावास और 50 हजार का अर्थदंड देने की सजा सुनाई,अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रूपए पीडिता को मिलेगें।वहीं उन्होने आदेशित किया कि राज्य सरकार पीड़िता को एक लाख रुपये प्रतिकर के तौर पर मुहैया कराएं।

# किशोरियों के स्वास्थ्य पर गोष्ठी आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम रामजीवनपुर नंबर दो में किशोरियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु एक गोष्ठी का आयोजन किया गया । उपरोक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की महिला चिकित्सक डॉ रेखा रानी द्वारा किशोरियों को मासिक धर्म एवं स्वच्छता, शारीरिक हिंसा एवं गुड टच बैड टच के बारे में जानकारियां प्रदान की गई। डॉ विकास सचान द्वारा एनीमिया अर्थात खून की कमी बारे में जानकारी तथा किशोर किशोरियों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति एवं किशोर



अवस्था में होने वाले मानसिक दबाबों से बचने के उपाय के बारे में चर्चा की गई। श्रीमती राधा मिगलानी काउंसलर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा संतुलित एवं पौष्टिक भोजन के महत्व के बारे में उपस्थित किशोरियों को जानकारी दी गई । श्रीमती सीमा रानी एनम द्वारा उपस्थित किशोरियों एवं महिलाओं को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में समस्त किशोरियों को सेनेटरी पैड का निशुल्क वितरण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती निर्मला असगोला, ज्योति यादव,आशा बहन मीनाक्षी आंगनवाड़ी सहायिका तरन्नुम एवं मिथिलेश उपस्थित रही।

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000